सुविचार

उस ज्ञान का कोई लाभ नहीं जो समाज के हित में ना हो।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi • Tuesday, 18 July 2023 • Year : 01 • Issue : 182 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : 3 • www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com




जेनेलिया पहली एक्ट्रेस हैं, जिनसे मैंने ट्रायल...

08

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 66,589.93 |
| निफ्टी | : | 19,711.45 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,645 |
| चांदी | : | 81.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### पुंछ नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ का प्रयास कर रहे दो आतंकी ढेर

**JAMMU :** जम्मू संभाग के पुंछ जिले की नियंत्रण रेखा के पास सीमा पार से घुसपैठ का प्रयास कर रहे दो आतंकियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। सुरक्षाबलों ने मौके से हथियार, गोला बारूद तथा अन्य संदिग्ध सामान बरामद किया है। जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस के सतर्क जवानों के संयुक्त अभियान में रविवार देर रात जिला पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया गया।

### डायन बताकर दंपति की धारदार हथियार से हत्या

**LATEHAR :** झारखंड में फिर एक दंपति अंधविश्वास की भेंट चढ़ गया। लातेहार में डायन बिसाही के शक में दंपति की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। मामला लातेहार जिला के बरवाडीह थानाक्षेत्र अंतर्गत अमडीहा की है। बताया जाता है कि रविवार देर रात ही दंपति को अज्ञात अपराधियों ने पति-पत्नी को धारदार हथियार से काट डाला। ग्रामीणों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि 4 साल पहले भी दंपति के साथ डायन बिसाही के शक में मारपीट की गई थी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बताया जाता है कि दंपति हड़िया बेचकर अपनी आजीविका चलाता था।

### चंद्रयान-3 एक और ऑर्बिट ऊपर गया

**BENGALURU :** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन के वैज्ञानिकों ने सोमवार को चंद्रयान-3 की दूसरी ऑर्बिट रेजिंग प्रोसेस सक्सेसफुली पूरी की। अब स्पेसक्राफ्ट 41603 किलोमिटर*226 किलोमिटर ऑर्बिट में है। इसका मतलब है कि चंद्रयान-3 अब ऐसी अंडाकार कक्षा में घूम रहा है जो पृथ्वी से सबसे करीब 226 डे और सबसे दूर 41,603 किलोमिटरे है। स्पेसक्राफ्ट की हेल्थ भी नॉर्मल है। कक्षा बढ़ाने के लिए अगली फायरिंग मंगलवार दोपहर 2 से 3 बजे के बीच प्लान की गई है। इसके बाद पृथ्वी के ऑर्बिट में दो बार और फायरिंग की जाएगी। स्पेसक्राफ्ट 31 जुलाई और 1 अगस्त की मध्यरात्रि को पृथ्वी की कक्षा छोड़कर चंद्रमा की ओर बढ़ेगा।



## केदारनाथ मंदिर में मोबाइल फोन पर बैन

**श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने केदारनाथ मंदिर के अंदर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंदिर समिति ने केदारनाथ मंदिर परिसर में जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगायी है कि अगर कोई फोटो लेता या वीडियो बनाता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय अजेंद्र ने मीडिया से बातचीत के क्रम में बताया कि पिछले दिनों कुछ तीर्थयात्री मंदिर के अंदर अभद्र तरीके से वीडियो और रील बना रहे थे और तस्वीरें भी खींच रहे थे। केदारनाथ में इसी घटनाक्रम के बाद ऐसे बोर्ड लगाए गए हैं और चेतावनी दी गयी है जिसे सख्ती से लागू किया जाएगा।**

# AIR INDIA की फ्लाइट में मोबाइल फटा

## दिल्ली जा रहे विमान की उदयपुर में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

**AGENCY UDAIPUR :** उदयपुर में एयर इंडिया की फ्लाइट में एक यात्री के मोबाइल में ब्लास्ट हो जाने से हड़कंप मच गया। फ्लाइट की तत्काल इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। मोबाइल में ब्लास्ट की यह घटना एयर इंडिया की फ्लाइट 470 में हुई। इस फ्लाइट ने उदयपुर एयरपोर्ट से दोपहर एक बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही एक पैसेंजर की मोबाइल बैटरी में अचानक ब्लास्ट हो गया। यात्री के मोबाइल में ब्लास्ट होने से यात्री घबरा गए। उसके बाद फ्लाइट की फिर से उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट के उदयपुर एयरपोर्ट पर लैडिंग करवाने के बाद उसमें से 3 से 4 पैसेंजर बाहर निकले। बताया जा रहा है कि उन यात्रियों ने फ्लाइट में उड़ान भरने से मना कर दिया। तकनीकी जांच के बाद फिर फ्लाइट को दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया। फ्लाइट में 140 पैसेंजर थे। मामले में फिलहाल एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है।

### भोपाल-दिल्ली वंदेभारत में लगी आग, अफरा-तफरी

**BHOPAL :** भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन की ओर जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन के सी-14 कोच में सोमवार सुबह कुरवाई कैथोरा स्टेशन के पास अचानक आग लग गई। इससे ट्रेन के यात्रियों में अफरातफरी मच गई। आग कोच के नीचे लगे बैटरी बॉक्स में लगी थी। बीना रेलवे स्टेशन से पहले ट्रेन को रोका गया। जैसे ही ट्रेन रुकी, सारे यात्री गाड़ी से सामान सहित बाहर निकल आए। सूचना पर बीना नगर पालिका व रिफाइनरी की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों और रेलवे की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद करीब तीन घंटे की देरी से ट्रेन रवाना हुई। बीना से रेलवे ने ट्रेन के साथ दुर्घटना राहत यान भी रवाना किया है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 20171 वंदेभारत एक्सप्रेस सुबह 5:40 बजे रानी कमलापति स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन के लिए रवाना हुई थी। बीना के पहले 7:10 बजे कुरवाई कैथोरा स्टेशन के समीप ट्रेन के सी-14 कोच के नीचे से अचानक धुआं निकला और आग लग गई। आग भड़कती देख ट्रेन को रोका गया। आग की जानकारी से ट्रेन के यात्रियों में अफरातफरी का माहौल रहा।



# सत्ता व विपक्ष का सियासी शो

## आज NDA की बैठक में 38 दल आएंगे : NADDA

- भाजपा अध्यक्ष बोले- विपक्ष के पास नेता, नीयत व नीति कुछ भी नहीं

**AGENCY NEW DELHI :** बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक के बीच एनडीए ने भी दम भरना शुरू कर दिया है। इसको लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान नड्डा ने दावा किया कि एनडीए के साथ कुल 38 राजनीतिक दल हैं। वहीं, विपक्ष पर हमला बोलते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनके पास नेता, नीयत और नीति कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इन लोगों के पास फैसला लेने तक की क्षमता नहीं है। इतना ही नहीं, नड्डा ने संयुक्त विपक्ष की बैठक को फोटो खिंचवाने का मौका भर बता डाला। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि एनडी की बैठक मंगलवार शाम को तय की गई है। हमारे 38 सहयोगियों ने एनडीए बैठक में शामिल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत 28 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। हमने लगभग 4-5 लाख करोड़ रुपये की लीकेज को बंद कर दिया है। इसके अलावा, शासन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग बढ़ा है, जिससे पारदर्शिता आई है। नड्डा ने कहा कि बीते नौ साल में हमने पीएम मोदी का मजबूत नेतृत्व देखा है। लोगों ने इसकी तारीफ भी की है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलीरेंस बढ़ चुकी है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कोविड 19 मैनेजमेंट के दौरान भी एक उदाहरण सेट किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए एक आदर्श गठबंधन हैं, जिसका मकसद देश की सेवा करना और इसे मजबूती देना है। उधर पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने विपक्षी दलों की बैठक को लेकर कटाक्ष करते हुए सोमवार को कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला जांचा-परखा गठबंधन है तो दूसरी तरफ कांग्रेस की बेवफाई वाला बंधन है।



## कांग्रेस की डिनर पार्टी में 26 पार्टियों के नेता पहुंचे

- बेंगलुरु में आज होगी विपक्षी दलों की बैठक, सीएम हेमंत सोरेन भी पहुंचे

**AGENCY BENGALURU :** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराने के लिए बेंगलुरु में विपक्षी दलों की दूसरी बैठक से पहले कांग्रेस की ओर से विपक्ष के नेताओं को डिनर पर इनवाइट किया है। डिनर बेंगलुरु के ताज वेस्ट एंड होटल में आयोजित किया गया। कांग्रेस पार्टी के मुताबिक, इसमें 26 दल के नेता शामिल हुए हैं। डिनर में शामिल होने के लिए लालू प्रसाद यादव, अरविंद केजरीवाल, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, बिहार के सीएम नीतीश कुमार समेत कई नेता पहुंचे। पार्टी में फूट के बाद शरद पवार आज सीधे बैठक में शामिल होंगे। दो दिवसीय बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में बीजेपी के खिलाफ एक साझा कार्यक्रम तैयार करने और एकजुट होकर सत्ता से बाहर करने की योजना बनाई जाएगी। बैठक की शुरूआत से पहले यहां पोस्टरों के माध्यम से हम एक हैं (यूनाइटेड वी स्टैंड) का संदेश देने दिया गया। इस नारे के पोस्टरों को बेंगलुरु की तमाम सड़कों पर लगाया गया था। इसके अलावा डीएमके नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कई अन्य नेता इस बैठक में शामिल हुए। हालांकि, विपक्षी दलों की एकता को लेकर हुई पहली बैठक में शामिल हुए शरद पवार इस बार विपक्षी दलों की बैठक के पहले दिन नजर नहीं आए। इसे लेकर खरगे ने दिल्ली में कहा कि उनकी पवार से बात हुई है और वह आज मंगलवार को बैठक में शामिल होंगे।



# रांची में दो नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

## 48 घंटे में रेप की दूसरी घटना, तीन धराए

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची के डोरंडा इलाके में रविवार को देर रात पार्टी से घर लौट रही दो नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई है। पुलिस ने घटना में शामिल दस आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। इनमें से पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें अभिषेक केरकेट्टा, मनीष तिग्गा और अशोक उरांव शामिल हैं। जबकि अन्य आरोपियों की भूमिका की पुलिस जांच कर रही है।

**बर्थडे पार्टी में गई थी दोनों नाबालिग**

रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि पूरे मामले की जानकारी सीडब्ल्यूसी को भी दे दी गई है। अभी तक की जांच के मुताबिक तीन लड़कियां अपने कुछ युवक दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी में गईं थी। सभी ने नामकुम के एक रेस्टोरेंट में खाना खाया। इसी दौरान एक युवती अपने घर चली गई। रेस्टोरेंट से निकलने के बाद घर लौटने के क्रम में साथ में मौजूद लड़के दोनों लड़कियों को अपने साथ डोरंडा थाना क्षेत्र लेकर चले गए। जहां युवकों ने दोनों के साथ गैंगरेप किया। देर रात लगभग तीन बजे दोनों लड़कियां किसी तरह अपने रिश्तेदार के घर पहुंची और पूरी जानकारी दी। नाबालिग से दुष्कर्म की घटना की जानकारी डोरंडा पुलिस को सुबह छह बजे मिली। फिर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए 10 को हिरासत में लिया। एसएसपी ने बताया कि आगे की कार्रवाई चल रही है। लड़कियों का मेडिकल टेस्ट कराया गया। मंगलवार को दोनों पीड़िताओं का 164 के तहत कोर्ट में बयान दर्ज कराया जाएगा।

आपको बता दें कि 48 घंटों में सदर थाना क्षेत्र में भी एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। इसमें चार पकड़े गए थे, जिसमें दो नाबालिग थे।



# सीमा हैदर को ATS ने लिया हिरासत में

## आईबी के इनपुट पर कार्रवाई, पूछताछ जारी

**AGENCY NOIDA :** पाकिस्तान से आई सीमा हैदर और सचिन मीणा की कहानी में ब्रेक लग गया है। आईबी के इनपुट के बाद अब एटीएस ने सीमा को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही सचिन मीणा और उसके पिता नेत्रपाल को भी हिरासत में लिया गया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है। नेपाल सीमा पार करके ग्रेटर नोएडा पहुंची सीमा हैदर पर पाकिस्तानी जासूस होने की आशंका जतायी जा रही है। सूत्रों के अनुसार ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा स्थित सचिन मीणा के घर एटीएस पहुंची थी। उसके साथ स्थानीय पुलिस भी थी। एटीएस ने सीमा को हिरासत में लिया और वहां से निकल गयी। जबकि सचिन व उसके पिता को भी पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया है।

### ईडी के समन पर नहीं पहुंचे विष्णु अग्रवाल

**RANCHI :** रांची जमीन घोटाला केस में कारोबारी विष्णु अग्रवाल सोमवार को ईडी के सामने पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए। उन्होंने खुद को बीमार बताकर 3 हफ्ते की मोहलत मांगी है। गौरतलब है कि चेशायर होम रोड और पुगडु में जमीन डील में बिष्णु अग्रवाल की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इसी सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने उनको समन किया था। गौरतलब है कि चेशायर होम रोड में फर्जी कागजातों के जरिए जमीन की डील के बाद नामकुम अंचल के पुगडू मौजा में 9.30 एकड़ खासमहाल जमीन की डील को लेकर बिष्णु अग्रवाल से पूछताछ होनी थी।

# पश्चिमी सिंहभूम में फिर IED विस्फोट

## नक्सलियों के बिछाए विस्फोटक से सीआरपीएफ के एएसआई जख्मी

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा में फिर आईईडी विस्फोट हो गया है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के एएसआई की चपेट में आ गये। घटना कोल्हान के गोईलकेरा थाना अंतर्गत कूईड़ा जंगल के पास हुई है। नक्सलियों द्वारा बिछाये गये आईईडी में सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे ब्लास्ट हो गया। सीआरपीएफ के एक एएसआई देवेंद्र कुमार इसकी चपेट में आकर घायल हो गये। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की है। विस्फोट में घायल एएसआई को एयरलिफ्ट करके रांची भेज दिया गया है। बेहतर इलाज के लिए मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, रोज की तरह सोमवार को भी सुरक्षा बल के जवान नक्सलियों के खिलाफ जारी सर्च अभियान के लिए गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कूईड़ा जंगल के पास अभियान चलाने जा रहे थी। इसी क्रम में आईईडी का स्प्लिंटर से एएसआई चोटिल हो गये। उनकी बायीं कान के पीछे चोट लगी है। हालांकि, उनकी हालत स्थिर है।



घायल सीआरपीएफ जवान को एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची।

### सीएम हेमंत सोरेन ने हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का किया अनावरण

# 'पास द बॉल ट्रॉफी टूर' अभियान का आगाज

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप 2023 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पास द बॉल ट्रॉफी टूर अभियान को लॉन्च करते हुए भारतीय हॉकी टीम को शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि एशियन चैंपियनशिप की ट्रॉफी का देशभर में भ्रमण कराए जाने से खिलाड़ियों के साथ खेल प्रेमियों का उत्साह बढ़ेगा। चेन्नई की मेजबानी में 3 से 12 अगस्त तक एशियन हॉकी ट्रॉफी चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तीन अगस्त से शुरू होने वाली हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी चेन्नई-2023 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का आज सोमवार को अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पास द बॉल ट्रॉफी टूर अभियान को लॉन्च करते हुए भारतीय हॉकी टीम को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि इस चैंपियनशिप में भारतीय हॉकी टीम बेहतर और शानदार खेल का प्रदर्शन करेगी। आपको बता दें कि एशियन हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी भारत पहली बार कर रहा है। इसका आयोजन चेन्नई में 3 से 12 अगस्त तक हो रहा है। इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत समेत दक्षिण कोरिया, मलेशिया, जापान, पाकिस्तान और चीन की टीमें मुख्य रूप से भाग ले रही हैं।




एशियन हॉकी चैंपियनशिप 2023 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण करते सीएम।

### चैंपियनशिप के प्रति उत्साह और आकर्षण बढ़ेगा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 की ट्रॉफी का देश के विभिन्न शहरों में भ्रमण कराया जाना एक बेहतरीन कदम है। इससे ना सिर्फ हॉकी खिलाड़ियों बल्कि खेल प्रेमियों के बीच भी चैंपियनशिप के प्रति आकर्षण और उत्साह का संचार होगा। इसके साथ आम लोगों में भी हॉकी की प्रति लगाव बढ़ेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड का हॉकी से गहरा नाता रहा है। खूंटी और सिमडेगा जैसे जिलों के गांव-गांव में हॉकी बसता है। यहां के बच्चे-बच्चियों में बचपन से ही स्टिक पर मैजिक शुरू हो जाता है। ऐसा लगता है कि हॉकी के बिना उनकी जिंदगी अधूरी सी है। इसी का नतीजा है कि यहां के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। यहां से कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं, जिन्होंने अपने खेल से झारखंड और देश का नाम रोशन किया है।

### एस. जयशंकर समेत भाजपा के तीन राज्यसभा उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

**AHMEDABAD :** गुजरात से राज्यसभा की 3 सीटों पर भाजपा के सभी तीनों उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए हैं। इनमें विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत दो अन्य उम्मीदवार केसरीदेवसिंह झाला और बाबुभाई देसाई भी शामिल हैं। 20 जुलाई को शुरू होने वाले संसद सत्र में तीनों सांसद शपथ लेंगे। कांग्रेस ने जहां इस बार एक भी फार्म जमा नहीं कराया, वहीं भाजपा के डमी उम्मीदवारों ने भी नाम वापस ले लिए, जिससे चुनाव की नौबत नहीं आई। भाजपा से डमी के तौर पर रजनी पटेल, रघु हुंबल और प्रेरक शाह ने नामांकन किया था। सोमवार को नाम वापसी के लिए अंतिम दिन है। गुजरात से राज्यसभा की 3 सीटों के लिए 24 जुलाई मतदान की तिथि तय की गई थी परंतु अब तीनों उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। राज्यसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले चुनाव का आधिकारिक परिणाम घोषित होने से पहले भाजपा ने तीन सीटों पर भगवा लहरा दिया है।

# अपराधियों ने एटीएस के डीएसपी को मारी गोली

## अमन साव के शूटर को पकड़ने गई टीम से मुठभेड़

**CRIME REPORTER RANCHI :** कुख्यात अपराधी अमन साहू गिरोह के शूटर को पकड़ने गयी एटीएस की टीम से मुठभेड़ हो गयी। इस मुठभेड़ के दौरान डीएसपी नीरज कुमार को अपराधियों ने गोली मार दी। इससे डीएसपी घायल हो गए। यह घटना सोमवार की रात करीब आठ बजे रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र स्थित तेरपा में हुई। बताया जा रहा एटीएस डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में एटीएस की टीम पतरातू में अमन साहू गिरोह से जुड़े शूटर को गिरफ्तार करने के लिए गई थी। अपराधियों को पकड़ने के दौरान अपराधियों ने नीरज कुमार के ऊपर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। नीरज कुमार को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है वही अपराधियों की धरपकड़ में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। घटना की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी ने कहा कि एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार को गोली लगा है, उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।



डीएसपी नीरज कुमार।

BRIEF NEWS

## विधायक सोनाराम सिंकु ने गरिमा केंद्र का किया उद्घाटन



**NOAMUNDI :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी प्रखंड इकाई द्वारा सोमवार को विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय के किसान भवन में गरिमा केंद्र का उद्घाटन किया गया. केन्द्र का उद्घाटन विधायक सोनाराम सिंकु ने किया. यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नवाचार के तहत झारखंड राज्य को डायन कुप्रथा से मुक्त करने के लिए चलाई जा रही है. इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है कि झारखंड के लंबित 25 प्रखंडों में डायन कुप्रथा से पीड़ित महिलाओं को आजीविका विकल्प मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, कानूनी सहायता, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाना एवं सामाजिक सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध करवाना है। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुज बांदो ने कहा कि प्रखंड के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार से जोड़ते हुए डायन एवं कुप्रथा तथा महिला हिंसा आदि से लोगों को मुक्त करना है।

## मंत्री हफीजुल हसन से मिलीं झरिया विधायक, रखीं कई मांगें



**DHANBAD :** झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन से प्रोजेक्ट भवन सचिवालय रांची में सचेतक सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने मुलाकात की. उन्होंने धनबाद में डे बोर्डिंग स्कूल चालू करने, जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में चासनाला के कल्याणेश्वरी मंदिर, मोहलबनी काली मंदिर, झरिया (शमशान घाट स्थित), राजा तालाब एवं राजगढ़, दुःख हरिणी मंदिर को जल्द स्वीकृत कर क्रियान्वित करने, होरलाडीह कब्रिस्तान में विकास कार्य तथा कल्याण विभाग से सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए साइकिल उपलब्ध करवाने का आग्रह मंत्री से किया गया. विधायक ने धनबाद में निर्मित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को कार्यकारी एजेंसी से खेल विभाग को हस्तांतरण करवा कर खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित करने का प्रस्ताव रखा. मंत्री ने विधायक से कहा कि स्कूली विद्यार्थियों को साइकिल क्रय हेतु जल्द कल्याण विभाग द्वारा उनके खातो में डीबीटी के माध्यम से राशि उपलब्ध कराई जाएगी. इसका निर्देश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा भी कल्याण विभाग की बैठक में दिया गया है. धनबाद में डे बोर्डिंग स्कूल चालू करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है. मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जल्द खेल विभाग को हस्तांतरण होगा. इसके लिए जांच टीम धनबाद आई थी. जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## सुरेंद्र अग्रवाल बने गंगा गौशाला कतरास-करकेंद के अध्यक्ष



**KATRAS :** श्री श्री गंगा गौशाला कतरास-करकेंद के अतिथि गृह में सोमवार 17 जुलाई को हुई बैठक में सर्वसम्मति से सुरेंद्र कुमार अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया. इस मनोनयन पर समिति के सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी. मौके पर मनोनीत अध्यक्ष ने कहा कि समिति ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है उसका वे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे. बैठक में श्री गंगा गौशाला के उपाध्यक्ष अजय कुमार हेलीवाल, उपाध्यक्ष श्रवण खेतान, महासचिव महेश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डीएन चौधरी, सुमित खंडेलवाल, कमलेश सिह, सुशील चौधरी, विनय कुमार तुलस्यान, उमेश हेलीवाल आदि उपस्थित थे।



## पेयजल मंत्री ने 52 करोड़ 36 लाख लागत की योजना का किया शिलान्यास

राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को बोकारो जिले के नवाडीह में 52 करोड़ 36 लाख 17 हजार रुपये की लागत वाली ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया, जिससे 7 पंचायत के 18 गांव के लगभग 42 हजार लोग लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी उप विकास आयुक्त कीर्ति श्री, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल, प्रखंड प्रमुख पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य, अंचल अधिकारी नावाडीह सहित अन्य उपस्थित रहे। ● फोटोन न्यूज



## मुख्यमंत्री से मिले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने ₹भारत जोड़ो यात्रा की बात, आम जनों के साथ₹ अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा राज्य में चल रहे विकासात्मक कार्यों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। ● फोटोन न्यूज

# लोकतंत्र बचाओ नहीं, यह है गर्दन बचाओ अभियान : बाबूलाल मरांडी

## विपक्षी दल लोकतंत्र बचाओ अभियान के नाम पर एक साथ बैठ रहे हैं : बाबूलाल मरांडी



**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को ट्वीट करके बेंगलुरु में विपक्षी दलों (गैर भाजपा) की होने वाली बैठक पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लोकतंत्र बचाओ अभियान के नाम पर एक साथ बैठ रहे हैं। वास्तव में यह गर्दन बचाओ अभियान है। बैठक में शामिल होने वाले कांग्रेस, राजद, टीएमसी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आप और अन्य दलों के प्रमुख नेताओं को कटघरे में खड़ा किया है। मरांडी ने हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी एक मामले में जमानत पर हैं। दूसरे में सजायाफ्ता हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड में लूटखंड के संस्थापक हैं। बेहिसाब जमीन जायदाद के मालिक हैं। जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। कभी भी जेल जा सकते हैं। राजद प्रमुख लालू यादव चारा घोटाले में सजायाफ्ता हैं। लैंड फॉर जॉब में चार्जशीटेड हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भतीजा शिक्षक भर्ती और कोयला घोटाले में जांच का सामना कर रहा है। मंत्री जेल में है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार के डिप्टी सीएम अरबों रुपये के शराब घोटाले में जेल में बंद हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के मंत्री मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में हैं। इससे दिखता है कि सब गर्दन बचाओ अभियान के लिए ही साथ बैठ रहे हैं।

## लोहरदगा व खूंटी संसदीय सीट, कांग्रेस ने विधानसभा वार नियुक्त किया को-ऑर्डिनेटर

**PHOTON NEWS RANCHI:** कांग्रेस ने गत लोकसभा चुनाव में दो सीट खूंटी और लोहरदगा बहुत कम मार्जिन से गंवा दिया था. इसलिए इस सीट को लेकर कांग्रेस आलाकमान गंभीर है. इन दोनों सीट को फोकस करते हुए विधानसभा वार को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया है. यह अनुमोदन लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत किया गया है. प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि उदयपुर के नव संकल्प घोषणापत्र और रायपुर पूर्ण सत्र संकल्प में एसटी आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों में नेतृत्व विकास मिशन (एलडीएम) शुरू करने की घोषणा की गई है. जिसे एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विभागों के समन्वय में पीसीसी द्वारा सक्रिय भूमिका निभाते हुए लागू किया जाएगा.



मिशन का उद्देश्य एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के बीच कांग्रेस पार्टी की पहुंच को गहरा करना है, ताकि आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित की जा सके. उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के मौजूदा और स्थापित नेताओं को सक्रिय करना और दीर्घकालिक आधार पर इन समुदायों के युवा, जमीनी स्तर के नेताओं का पोषण करना है. मिशन का एक अन्य महत्वपूर्ण तत्व बूथ प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करके प्रभावी चुनाव प्रचार का प्रबंधन करना है।

# जिन किसानों का बंद हो गया है किसान सम्मान निधि, उनके लिए कैंप लगाकर लिए गए आवेदन

**PHOTON NEWS RANCHI:** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिन किसानों का राशि आना बंद हो गया है, वैसे किसानों के लिए राज्य सरकार ने हर अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पंचायतों पर कैंप लगाकर फिर से उन किसानों का आवेदन लिया जाए ताकि योजना का लाभ मिल सके। इसी कड़ी में कांके प्रखंड के इचापीड़ी पंचायत और खटंगा पंचायत में कैंप लगाकर किसानों से आवेदन लिया गया। मौके पर मौजूद प्रखंड कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास ने जानकारी देते हुए बताया कि



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रेवती रमन के साथ बैठे जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत लाभुक किसानों के खाते में दो-दो हजार रुपये डीवीडी के माध्यम से भेजा जाता है। लेकिन बहुत से किसान ईकेवाईसी नहीं करने पर और जमीन का रिकॉर्ड नहीं रहने पर योजना की राशि आना बंद हो गया है। जिसे लेकर पंचायतों पर विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। तत्काल किसानों के बैंक केवाईसी किया जा रहा है, साथ ही जिन किसानों का खाता नहीं है उन्हें पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाया जा रहा है, किसानों के स्टेटस में लैंड सेंडिंग नो दिखाई दे रहा है उनसे भूमि के लगान रसीद मुखिया द्वारा सत्यापित, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छाया प्रति ली जा रही है ताकि पुनः उन किसानों के खाते पर योजना का लाभ मिल सके। मौके पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास, मुखिया लाखो उरांव, कृषक मित्र सफीउल्लाह अंसारी, पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक पिथोरिया समीर रंजन , एग्री क्लिनिक सेंटर कांकेर से अब्दुल सत्तार, पोस्ट आफिस से फैज अमीन, प्रज्ञा केंद्र से नजीर अहमद मौजूद है।

# भाजपा के संपर्क से समर्थन अभियान से कांग्रेस पार्टी घबरा गई है : आदित्य साहू

**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा की बात आम जन के साथ पर तीखी प्रतिक्रिया दी। साहू ने कहा कि देश में भारत जोड़ो यात्रा की विफलता के बाद कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के कार्यक्रमों का अनुसरण किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संपर्क से समर्थन अभियान से कांग्रेस पार्टी घबरा गई है। इसलिए आम जनता से झूठ का पुलिंदा लेकर बात करना चाहती है।

आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा के पास भारत के यशस्वी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वाभिमानी, स्वावलंबी और विकसित भारत के निर्माण के कार्यक्रम और उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास का दृढ़ संकल्प है। 2047 के विकसित और विश्व गुरु भारत बनाने का रोड मैप है। इसलिए जनता भाजपा से जुड़ रही। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास भ्रष्टाचार,तुष्टिकरण, सत्ता स्वार्थ, लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान ,परिवारवाद ,जातिवाद की भारी भरकम पोटली के अलावा क्या है जनता को बताने के लिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अगर भाजपा के कार्यक्रमों की ही नकल करनी है तो उसे देश हित में भाजपा की नीतियों का भी अनुसरण करना चाहिए।

# उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय फटैयाटांड़ के विद्यालय को पुनः शुरू करने की मांग

**PHOTON NEWS RANCHI:** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय फटैयाटांड़ चौबे खंटगा पंचायत कोकदोरो कांके प्रखंड के इस विद्यालय को पुनः शुरू करने की मांग रांची जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव महेश कुमार मनीष ने मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री हेमंत सोरेन से की है। महेश कुमार मनीष ने बताया कि मैं कांग्रेसी कार्यकताओं के साथ कांग्रेस पार्टी और संगठन को मजबूत करने को लेकर पंचायत कोकदोरो के फटैयाटांड़ गांव का दौरा किया था। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने जानकारी दी कि यह स्कूल कोकदोरो पंचायत में स्थित



है। यह विद्यालय पिछले कई वर्षों से बंद पड़ी है। इसमें कक्षा 1 से लेकर 6 तक की पढ़ाई होती थी। लेकिन विद्यालयों को मर्ज करने की स्थिति में इस विद्यालय को शिक्षा विभाग ने बंद कर दिया और यहां पढ़ रहे बच्चों को यहां से 2 किलोमीटर दूर चौबे खंटगा गांव स्थित विद्यालय में कर दिया। जिसके कारण आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे जो स्कूल घर से नजदीक होने के कारण पढ़ने आते थे। 2 किलोमीटर दूर नहीं जा पा रहे हैं और कई छोटे-छोटे बच्चे घरों में ही रहते हैं। इससे ग्रामीण गरीब बच्चों का पढ़ाई लिखाई बाधित हो रहा है। इसलिए जनहित में इस विद्यालय को पुनः शुरू करने की मांग मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री हेमंत सोरेन और रांची जिला शिक्षा अधीक्षक से की है। इसके लिए उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि इस विद्यालय को पुनः शुरू करने हेतु हुए आवश्यक पहल करेंगे। दौरे के क्रम में युवा कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बबुआ मुंडा, दिनेश उरांव, राहुल टोप्पो सहित अन्य थे।

## कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की टिफिन बैठक

**SIMDEGA:** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने टिफिन बैठक का आयोजन किया. मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने कहा कि पीएम मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल में देश विकसित हुआ है। हिंदुस्तान की मजबूती के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए गये। वहीं कार्यक्रम के संयोजक कोलेबिरा विधानसभा भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है। भाजपा की सरकार ने कई जनकल्याणकारी कार्य किया है. भारत की छवि विश्वपटल पर कहीं ज्यादा मजबूत हुई है।

# भारत जोड़ो यात्रा की बात आमजनों के साथ अभियान मील का पत्थर साबित होगा : कांग्रेस

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा की बात आमजनों के साथ अभियान की शुरूआत कर दी है. इसी क्रम में सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, महासचिव त्रिशानु राय, सचिव संतोष सिन्हा, सुशील कुमार दास, मुकेश दास ने चाईबासा निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी रेवती रमण प्रसाद के यूरोपियन क्वार्टर, चाईबासा स्थित उनके आवास में मुलाकात कर भारत जोड़ो यात्रा की बात आम जनों के साथ अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रेवती रमन के साथ बैठे जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

**धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने की रची जा रही है साजिश**

कांग्रेसियों ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लगातार समाज में नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है। धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने की साजिश रची जा रही है. ऐसे में यह अभियान मोहब्बत पैदा करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा. इस अभियान के जरिए हम समाज के हर तबके के लोगों के साथ मुलाकात कर उनकी समस्याओं को भी जानने का काम करेंगे।

## सांसद जयंत सिन्हा ने हजारीबाग में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ की टिफिन पर चर्चा

# हजारीबाग व रामगढ़ में ऐतिहासिक रहा महाजनसंपर्क अभियान; जनता कह रही है, मोदी हैं तो मुमकिन है



**PHOTON NEWS RAMGARH:** माननीय सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति श्री जयंत सिन्हा जी ने 16 जुलाई को हजारीबाग के डेमोटांड स्थित अपने आवास पर हजारीबाग व रामगढ़ के वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं के साथ टिफिन पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न संगठनात्मक व विकास कार्यों पर संवाद हुआ। हम सभी अवगत हैं कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के ऐतिहासिक 9 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसके उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा देश भर में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। हजारीबाग लोकसभा में भी विराट स्तर पर महा जनसम्पर्क अभियान चलाया गया, जिसमें श्री जयंत सिन्हा जी के नेतृत्व में हजारों कार्यकताओं ने सहभागिता की। इस अभियान के तहत हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के कोने-कोने में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। विकास तीर्थ, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स मीट, लाभार्थी सम्मेलन, वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ टिफिन पर भोजन व परिचर्चा, डोर टू डोर जनसम्पर्क, विशाल जनसभा, योग दिवस, संयुक्त मोर्चा सम्मलेन व व्यापारी सम्मलेन समेत विभिन्न कार्यक्रम क्षेत्र भर में आयोजित किये गए। जयंत सिन्हा जी ने हजारीबाग व रामगढ़ में कई दिनों तक डोर टू डोर जनसम्पर्क किया। सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। हजारीबाग व रामगढ़ में श्री जयंत सिन्हा जी व भाजपा कार्यकताओं को जनता का भरपूर स्नेह व आशीर्वाद मिला। लोग मोदी सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों से बेहद खुश व संतुष्ट हैं। जयंत सिन्हा जी ने जनसम्पर्क अभियान के दौरान हजारों लोगों को सीधा मोदी जी के साथ जोड़ा। भाजपा द्वारा चलाये गए कार्यक्रम के तहत उन्होंने क्षेत्रवासियों से 9090902024 पर मिस्ड कॉल करवाई और उन्हें जनसम्पर्क से जनसमर्थन अभियान का हिस्सा बनाया।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Tuesday, 18 July 2023

# पत्थर कारोबारी व ED के गवाह मुंगेरी यादव के मामले में सरकार ने HC में दाखिल किया जवाब

## क्रिमिनल रिवीजन याचिका पर हुई सुनवाई, बालू की ढुलाई विवाद से जुड़ा है मामला




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** संथाल के एक बड़े कारोबारी प्रकाश चंद्र यादव उर्फ मुंगेरी यादव की क्रिमिनल रिवीजन याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कंप्रिहेंसिव प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया गया, जिस पर प्रार्थी ने इसका प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त निर्धारित की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अखौरी अविनाश कुमार ने पैरवी की। प्रकाश चंद यादव ने साहिबगंज के निचली अदालत द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

बता दें कि साहिबगंज यह मामला एक नदी घाट से दूसरे नदी घाट में बालू की ढुलाई विवाद से जुड़ा है। मामले को लेकर साहिबगंज मुफ्फसिल थाना में कांड संख्या 30/ 2022 दर्ज की गई थी। मामले के सूचक पानी जहाज के कैप्टन सच्चिदानंद दास है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि 12 मार्च 2022 को पानी जहाज कोलकाता से मनिहारी की ओर जा रहा था। उसी दौरान पांच अज्ञात लोगों ने जहाज पर फायरिंग की। गोलीबारी की घटना के बाद जहाज मालिक ने जहाज को कोलकाता की ओर लौटने को कहा 12 मार्च 2022 की सुबह 5:30 बजे 5-6 लोग नाव से जहाज पर आए और पानी जहाज को समदा घाट की ओर ले जाने लगे। इसी दौरान गोलीबारी की घटना हुई।

### झारखंड सरकार की याचिका पर निशिकांत दुबे को SC से नोटिस

**RANCHI :** देवघर एयरपोर्ट पर लैंडिंग से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज सोमवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को नोटिस जारी किया है। झारखंड सरकार ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। उनपर आरोप है कि सितंबर 2022 में देवघर हवाई अड्डे पर सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया था। उन्होंने निजी विमान को उड़ान भरने की अनुमति देने के लिए एटीसी (एयर ट्रेफिक कंट्रोल) को धमकी और मजबूर किया था। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस संजय करोल की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई।

## सिपाही नियुक्ति नियमावली 2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर 16 अगस्त को सुनवाई

**RANCHI :** सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इससे संबंधित सुप्रीम कोर्ट में एक लंबित केस के सुनवाई को देखते हुए इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 16 अगस्त निर्धारित की है। इस संबंध में सुनील टूडू सहित 60 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गई हैं। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार एवं राकेश रंजन ने पैरवी की।

**क्या है दायर याचिका में**

याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनाई गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद्द कर देना चाहिए। हालांकि इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी। बता दें कि वर्ष 2015 में सभी जिलों में सिपाही और जैप के जवानों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। वर्ष 2018 में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पूर्व के आदेश के तहत इस मामले में नियुक्ति हुए सभी सिपाहियों को पक्ष रखने के लिए अदालत ने मौका दिया था। इसके लिए सार्वजनिक नोटिस भी जारी किया गया था। जिसके बाद से करीब सात हजार सिपाही इस मामले में प्रतिवादी बने हैं।

## आर्म्स एक्ट में दाहू यादव की अग्रिम बेल याचिका खारिज


दाहू यादव

**RANCHI :** हाइकोर्ट ने आर्म्स एक्ट व हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी दाहू यादव उर्फ राजेश यादव को अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया है। सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में दाहू यादव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मौजूद अधिवक्ता ने दाहू यादव की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका का पुरजोर विरोध करते हुए कोर्ट को बताया कि डाहू के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह फिलहाल फरार चल रहा है। ईडी कोर्ट ने इसके खिलाफ वारंट जारी किया है। जिस मामले में दाहू यादव की अग्रिम बेल रिजेक्ट हुई है, वह आर्म्स एक्ट का मामला है। इस संबंध में साहिबगंज के मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 28/2022 दर्ज किया गया है।

## अमित सरावगी की अग्रिम बेल पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**RANCHI :** सीबीआई मामले में आरोपी व्यवसाई अमित सरवागी की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। वही प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिंह एवं अधिवक्ता ऋषभ कुमार ने पैरवी की। आरोप है कि इनके द्वारा बैंकों से कपड़ा के बिजनेस को लेकर लोन लिया गया था, लेकिन लोन की राशि को बिल्डिंग के बिजनेस के कार्य में लगा दिया गया था। इससे बैंकों को बड़ी राशि का नुकसान हुआ। ये दोनों आरोपी श्री बद्री केदार उद्योग एवं सनबीम के निदेशक पद पर थे। उल्लेखनीय है कि बैंक ऑफ इंडिया से 31 करोड़ रुपये रुपए से अधिक की राशि की जालस-ाजी से जुड़े मामले में ज्ञान प्रकाश सरावगी एवं अन्य के खिलाफ सीबीआई ने तीन प्राथमिकी दर्ज की थी। यह मामला बैंकों से जालसाजी करने से जुड़ा है। ज्ञान प्रकाश सरावगी और अन्य कंपनियों ने मिलकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की थी।

## रांची के पूर्व डीसी छवि को बेल के लिए करना होगा इंतजार, ED कोर्ट में अब 28 को सुनवाई

**RANCHI :** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। सोमवार को छवि रंजन की बेल पर सुनवाई होनी थी। लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर रहने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब बेल पीटीशन पर 28 जुलाई को सुनवाई होगी। तब तक छवि रंजन को अपनी बेल पर सुनवाई के लिए इंतजार करना होगा।

रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

### छवि रंजन की याचिका पर हाईकोर्ट में अब 17 अगस्त को होगी सुनवाई

**RANCHI :** रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की याचिका पर हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। दरअसल छवि रंजन ने ईडी की कार्रवाई को चैलेंज कोर्ट में चैलेंज किया है। जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को भी गलत बताया है। प्रार्थी की ओर से आंशिक बहस सुनने के बाद अदालत ने इस केस की अगली सुनवाई के लिए 17 अगस्त की डेट तय की है। छवि रंजन की ओर से सिनियर अधिवक्ता गीता लूथरा, अधिवक्ता अभिषेक सिंह और अभिषेक चौधरी ने बहस की। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की बेंच में सस्पेंड हो चुके आईएएस छवि रंजन की याचिका पर सुनवाई हुई।

## एयरपोर्ट परियोजना के मुआवजे को फर्जी तरीके से निकालने वालों पर प्राथमिकी दर्ज

### जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के आवेदन पर दर्ज हुई एफआईआर

**CRIME REPORTER RANCHI :** फर्जी तरीके से कागजात बनाकर मुआवजा की राशि हड़पने वाले राजकुमार श्रीवास्तव, रविंद्र कुमार व मुकेश कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी गयी है। प्राथमिकी रांची जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अंजना दास द्वारा दिये गये आवेदन के बाद कोतवाली में करायी गयी है। उक्त तीनों ने हेथु मौजा के खाता नंबर-13 व प्लॉट नंबर-168 के 0.163 एकड़ जमीन का फर्जी कागजात बनाकर मुआवजे की राशि हड़प ली। यह मामला वर्ष 2008-09 का है। जानकारी के अनुसार राजकुमार श्रीवास्तव ने 2,54802.00 लाख, रविंद्र कुमार ने 15,28,813.00 लाख व मुकेश कुमार सिन्हा ने 14,35,386.00 लाख रु मुआवजा राशि निकाल चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2008-09 में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ने परियोजना के लिए हेथु गांव की जमीन का अधिग्रहण किया था। यह जमीन भुवनेश्वर साहु की थी। भुवनेश्वर साहु को 0.2510 एकड़ भूमि का मुआवजा 21,31,847 रु का भुगतान कर दिया गया। लेकिन, वो केवल कागज पर ही भुगतान हो गया। जब पूरे मामले की जांच की गयी तो पता चला कि मुआवजा जमीन के असली मालिक तक पहुंचा ही नहीं। कुछ लोगों ने गलत तरीके से कागजात बनाकर मुआवजे की राशि निकाल ली।

## DGP ने पुलिस महिला बैंड को किया सम्मानित

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड पुलिस मुख्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी अजय कुमार सिंह ने जैप-10 के पुलिस महिला बैंड को सम्मानित किया। झारखंड जैप-10 महिला बैंड के गठन की प्रक्रिया 3 अगस्त 2010 में हुई। लेकिन वर्ष 2006 से ही इसके गठन को लेकर सतत प्रयास प्रारंभ किया गया था। जैप-10 महिला वाहिनी बैंड की नियुक्ति दो चरणों में हुई। पहली नियुक्ति वर्ष 2010 में और दूसरी नियुक्ति वर्ष 2017 में । महिला बैंड ने राष्ट्र के पटल पर झारखंड पुलिस के साथ-साथ राज्य का भी नाम रौशन किया है। जैप-10 महिला बैंड में एक अवर निरीक्षक (साक्षर), 6 हवलदार और 34 महिला बैंड आरक्षी कमान संभाल रही हैं। आईटीबीपी के तत्वाधान में पंचकुला हरियाणा में 28 फरवरी से 4 मार्च तक 23वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता 2022-23 आयोजित की गयी थी। जिसमें जैप-10 महिला बैंड ने पाईप बैंड श्रेणी में पूरे देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर झारखंड पुलिस बल और राज्य का नाम रौशन किया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल द्वारा महिला बैंड को सम्मानित भी किया गया। जैप-10 महिला बैंड स्वतंत्रता दिवस समारोह, गणतंत्र दिवस समारोह परेड, राज्यपाल भवन और झारखंड राज्य के अन्य कई राजकीय समारोह में अपनी उपस्थिति लगातार दर्ज कराता रहा है। झारखंड सशस्त्र पुलिस 10 महिला बैंड ने कई स्कूली बच्चों, बालिका विद्यालयों में भी बैंड प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये हैं।


जैप-10 के पुलिस महिला बैंड को सम्मानित करते डीजीपी अजय कुमार सिंह।

## RIMS ट्रामा सेंटर में लगाए गए अतिरिक्त 20 बेड

### मरीज के बढ़ते ही मिलने लगेगी सुविधा, 73 मरीजों का हो सकेगा इलाज

**PHOTON NEWS RANCHI :** रिम्स का ट्रामा सेंटर में अब गंभीर मरीजों की सुविधा बढ़ायी गई है। सेंटर में खराब पड़े 18 वेंटिलेटर ठीक कराने के बाद अब पहले तल्ले में 20 बेड का आईसीयू एक्सटेंशन किया गया है। जिसके बाद अब यहां पर एक बार में 73 मरीजों का इलाज संभव हो सकेगा। रिम्स निदेशक डॉ. आरके गुप्ता ने पदभार ग्रहण करने के बाद लगातार इमरजेंसी सेवा को द दुरुस्त करने में लगे हैं, उनका कहना है कि किसी भी अस्पताल का अगर इमरजेंसी की बेहतर सेवा होगी तो उस अस्पताल में बेहतर चिकित्सा की उम्मीद की जा सकती है। सेंट्रल इमरजेंसी में आने वाले रोगियों की परेशानी देखते हुए ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी के पहले तल्ले में अतिरिक्त 20 बेड की सुविधा बढ़ाई गई है। ये 20 बेड तैयार हो चुके है। साथ ही अन्य दवाओं की भी आपूर्ति की जा रही है। मरीज के बढ़ते ही यहां भर्ती शुरू हो जाएगी, साथ ही अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलने लगेंगी। अतिरिक्त बेड लगने से अब सेंट्रल इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को स्ट्रेचर में ही इलाज नहीं कराना होगा, इससे उन्हें निजात मिलेगी। पहले तल्ले में तैयार इन 20 बेड का जायजा सोमवार को रिम्स निदेशक, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिरेन बिरूआ, उपाधीक्षक डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने लिया। निदेशक ने निर्देश दिया कि किसी भी हाल में मरीजों को परेशानी न हो इसका उचित ध्यान रखा जाए।




## 101 दीपों से की गई पहाड़ी बाबा की आरती

**PHOTON NEWS RANCHI :** दूसरी सोमवारी पर पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर 101 दीपों से भव्य आरती की गई। रांची के धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने घंट बजाए। महाआरती में राज्यसभा सांसद डाक्टर महुआ माजी, रांची नगर निगम के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, राज्यसभा सांसद सोमवित माजी जी, भारतेंदु कुमार आदि ने भाग लिया। आरती के बाद बोल बम के नारों से पूरा पहाड़ी परिसर गूंज उठा। इसके बाद सैकड़ों भक्तों के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल के अलावा सत्येंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, दीपक ओझा, वीरेंद्र सिंह, विनय सिंह, सुनील यादव, बंटी यादव, शुभाशीष चटर्जी, अशोक यादव, गुलशन मिड्ढा, अमन वर्मा, संजीत सिंह, शिवाजी सिंह, पंकज सिंह, नीतू सिंह, शिल्पी कुमारी वर्मा, पूजा कुमारी, सूम्मी वर्मा, ज्योति सिंह, स्वप्ना चटर्जी, वीना श्री, नीतू बजाज, अमृता शर्मा का योगदान रहा। अगले सोमवार को शंखानद महाआरती की जाएगी।



## राज्य में अमेरिकन फॉल आर्मी कीड़ों का हमला

### कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के कई जिलों में इन दिनों अमेरिकन फॉल आर्मी कीड़ों का हमला बढ़ा है। ये किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गये हैं। तेजी से फैलते ये कीड़े मक्के की फसल चट कर जा रहे हैं। यह विनाशकारी कीट मक्के के अलावा धान, बंदागोभी, चुकंदर, गन्ना, मूंगफली, सोयाबीन, प्याज, टमाटर और आलू की फसल को भी नुकसान पहुंचाता है। झारखंड में धान के बाद सबसे ज्यादा मक्के की ही पैदावार होती है। कम बारिश की वजह से एक ओर जहां खरीफ फसल पर संकट है, वहीं दूसरी ओर अमेरिकन कीड़ों के आक्रमण से मक्के की फसल चौपट होने से किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। ये कीड़े घरों-मकानों में भी घुस जा रहे हैं। कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां इनके डर से लोग घरों के खिड़की-दरवाजे बंद रख रहे हैं।

### लाभुकों ने बनाई लाइट हाउस समिति, वाट्सएप ग्रुप भी बना, आंदोलन की तैयारी

## LIGHT HOUSE के लाभुक वापस मांग रहे पैसा

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची लाइट हाउस में फ्लैट लेने वाले लाभुक पिछले एक हफ्ते से परेशान हैं। लाइट हाउस के एक ब्लॉक के गिरने के बाद अधिकांश लाभुक फ्लैट लेने को तैयार नहीं हैं। वे अपने पैसे वापस मांग रहे हैं। उनका कहना है कि लाइट हाउस की गुणवत्ता ठीक नहीं है। निगम के अधिकारी उन्हें सही जानकारी भी नहीं दे रहे हैं कि आखिर लाइट हाउस का हिस्सा कैसे गिरा। लाभुकों ने निगम को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर 15 दिन में पूरी स्थिति स्पष्ट कर उन्हें संतुष्ट नहीं किया गया, तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे। नाराज लाभुक धीरे-धीरे एकजुट होने लगे हैं। लाइट हाउस समिति नाम का एक संगठन भी बन चुका है। सुधीर तिवारी इसके अध्यक्ष बने हैं। लाभुकों को एकजुट करने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें 421 लाभुक जोड़े गये हैं। इन सबकी मीटिंग जूम एप पर हो रही है, जहां ये आगे की रणनीति तैयार कर रहे हैं। सुधीर तिवारी ने बताया कि सोमवार को उन्होंने लाइट हाउस की नोडल पदाधिकारी शीतल कुमारी और सिटी मैनेजर से बातचीत की। इसमें कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। सुधीर तिवारी ने लाभुकों का पक्ष रखते हुए कहा कि जिन लोगों ने 25000 रुपये जमा करने के बाद आगे की किस्त जमा नहीं की है, ऐसे 350 लाभुकों के नाम काटे जे रहे हैं। क्या निगम इन्हें वो राशि वापस करेगी। इस पर पदाधिकारियों ने कोई जवाब नहीं दिया। लोन के लिए बैंक और निगम कार्यालय के चक्कर लगाने का भी मामला उठा। पदाधिकारियों ने बताया कि अक्टूबर महीने में लाभुकों को फ्लैट में शिफ्ट करा दिया जाएगा। लाइट हाउस समिति के सदस्य मंगलवार को रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, नगर विकास सचिव विनय चौबे और अपर नगर आयुक्त समेत कई लोगों से मुलाकात करेंगे।



## BRIEF NEWS

### सेल रांची में तीन कार्यपालक निदेशकों ने किया पदभार ग्रहण

**RANCHI :** सेल रांची में दो नए कार्यपालक निदेशकों ने पदभार ग्रहण किया तथा सेल सुरक्षा संगठन के कार्यपालक निदेशक आशीष चक्रवर्ती ने कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। नए निदेशकों में श्रवण कुमार वर्मा ने कार्यपालक निदेशक (सी.ई.टी) के पद पर ज्वाइन किया और वेदप्रकाश ने कार्यपालक निदेशक (डिजिटल ट्रांसफार्मेशन) के पद का पदभार लिया। आरडीसीआईएस के कार्यपालक निदेशक संदीप कर परसों पदभार ग्रहण करेंगे। वर्मा सी.ई.टी. में मुख्य महाप्रबधक(परियोजना), बोकारो के पद पर थे। वेदप्रकाश मुख्य महाप्रबंधक(सी.आर.एम - 3), बोकारो इस्पात संयंत्र के पद पर थे और संदीप कर मुख्य महाप्रबंधक(क्वालिटी), भिलाई इस्पात संयंत्र के पद पर हैं। सोमवार को सी.ई.टी. के कार्यपालक निदेशक (प्रभारी) जगदीश अरोरा ने वर्मा का तथा वेदप्रकाश का एस.जे. जाचक, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

### निगम कर्मियों की आठ सूत्रीय मांगों पर नगर आयुक्त की सहमति

**RANCHI :** जवाहर लाल नेहरू बस सेवा रांची नगर निगम के कर्मचारियों की 8 सूत्रीय मांगों को ले नगर आयुक्त शशिरंजन से एक प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर उन्हें स्मार पत्र सौंपा। अपनी मांगों को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया। नगर आयुक्त ने आश्वासन देते कहा कि आपलोगों की सभी मांगों को लागू करने का निर्देश जारी किया गया है। सभी लोगों को बैंकों के माध्यम से वेतन भुगतान, बसों में भाड़ा चार्ट, महिला बस में महिला कंडक्टर एवं कोई भी नोडल एजेंसी निविदा लेगी वे सभी पुराने कर्मचारियों की सेवा जारी रखेगी। प्रतिनिधिमंडल में सीपीआइ के अजय सिंह, झामुमो के महानगर के पूर्व प्रवक्ता जीत गुप्ता, यूनियन नेता इम्तियाज अहमद खान, नीरज सिंह, सिमरन मिंज शामिल रहे।

### मीनू मीना सिन्हा की बिटिया काव्य संग्रह का किया गया लोकार्पण

**RANCHI :** साहित्यकार मीनू मीना सिन्हा की दूसरी पुस्तक बिटिया काव्य संग्रह का लोकार्पण आइएमए हाल रांची में हुआ। पुस्तक में 91 रचनाएं बेटियों के विभिन्न मनोभावों से संबंधित हैं। पुस्तक के कवरपृष्ठ पर कवियत्री छह माह की बच्ची के रूप में अपनी मां की गोद में है। पुस्तक की विशेषता है कि यह बिटिया के द्वारा बिटियाओं के लिए बिटियाओं की पुस्तक है। पुस्तक का दूसरा संस्करण जल्द ही आने वाला है। बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न मीनल उपनाम से प्रसिद्ध मीनू का प्रथम काव्य संग्रह जीवनधारा, 2018 और तीसरा काव्य संग्रह अनुभव के दरख्त 2023 है, दो पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं। विभिन्न विधाओं में मीनू की रचनाएं प्रकाशित होती रहती हैं। पद्य और गद्य, दोनों में यह समान अधिकार रखती हैं। महादेवी वर्मा शिखर सम्मान सहित 125 से अधिक सम्मानों से सम्मानित की जा चुकी हैं। रांची के मोरहाबादी में रहने वाली मीनू सेवानिवृत्ति के बाद साहित्य सृजन में निरंतर लगी रहती हैं। 40वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर मौजूद शहर के गणमान्य बुद्धिजीवी लोगों में डा. शंभू प्रसाद सिंह, डा. एमपी सिन्हा, डा. श्रीमोहन सिंह, डा. जेपी मिश्रा, डा. बलराज सिंह, रमाकांत सिंह, निरंजन श्रीवास्तव, हिमकर श्याम, एके सिंह, चंद्रिका ठाकुर, मांगल्या एवं अभिषेक के द्वारा पुस्तक लोकार्पित की गईं।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# TB मुक्त भारत अभियान के तहत हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## TB जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक : इरशाद अहमद

**PHOTON NEWS RAMGARH:** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार रामगढ़ जिला के कंडेर पंचायत में टी०बी० मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान कंडेर पंचायत की उप मुखिया ललिता देवी ने कहा की इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत के स्तर पर लोगो के साथ-साथ पंचायत के मुखिया, उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों आदि को भी टी०बी० के प्रति जागरूक करना है। साथ ही मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा टी०बी० मरीजों की सही समय पर पहचान करना एवं उनके इलाज के लिए उत्प्रेरक बनना भी इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। कार्यशाला के दौरान पिरामल स्वस्थ्य के विशाल कुमार एवं जूही सिंह के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि उनके क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति में टी०बी० के लक्षण दिखाई देने पर हेल्थ एन्ड वेलनेस सेन्टर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और साहिया के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने हेतु रेफरल सिल्प व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं पतरातू प्रखंड के यक्ष्मा विभाग के इरशाद अहमद ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि टी०बी० जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है अतः आप सभी अपने स्तर पर लोगो को टी०बी० के प्रति जागरूक करें। साथ ही सरकार द्वारा टी०बी० मरीजों की मुफ्त जांच और दवा तथा पोषण पैकेट उपलब्ध कराया जा रहा है।


बैठक में उपस्थित उपायुक्त व अन्य लोग • फोटोन न्यूज

कार्यशाला के दौरान ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्यों, डी०पी०ओ० अजय नारायण दुबे, पिरामल स्वस्थ्य से अर्पिता परासर, सी०एच०ओ० सुमन, सरिता, सविता, मंजू, विमला, अनिता, चंद्रिका सहित अन्य उपस्थित थे।

## BRIEF NEWS

### जल्द होगी आरबीएसएस जिला कमिटी की घोषणा:धनंजय कुमार पुटूस



**RAMGARH:** पुराना सदर अस्पताल के निकट स्थित आरबीएसएस के प्रधान कार्यालय में रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र राम, संचालन अमित पटेल व धन्यवाद ज्ञापन कैलाश महतो ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष सह रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस उपस्थित हुए। बैठक में धनंजय कुमार पुटूस ने उपस्थित सदस्यों से संगठन द्वारा पूर्व में किये गए कार्यों की रिपोर्ट ले समीक्षा कर एवं संगठन के विस्तार हेतु जिला कमिटी के विस्तार पर चर्चा की। धनंजय कुमार पुटूस ने बताया की आरबीएसएस के कार्यकर्ता सामाजिक कार्यो में सक्रिय होकर कार्य कर रहे हैं जिस कारण संगठन के प्रति लोगो में विश्वसनीयता तेजी से बढ़ रही है, इसी को देखते हुए जल्द ही पूरे जिले में पंचायत स्तर तक कमेटी का विस्तार करने की योजना है।

### यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालन जरूरी : विजयंत कुमार



**BHURKUNDA:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा उपलब्ध सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य को ले विभिन्न श्लोकों व नियमों का नियमावली विद्यालय को प्रदान किया। इसी को ले बिरसा चैक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में सोमवार को सड़क सुरक्षा विषय पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के कक्षा नवी के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न श्लोकों व नियमों का उच्चारण करते हुए यातायात के नियमों को न मानने से होने वाली नुकसान के बावत विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान 9वीं के विद्यार्थियों ने सरकार द्वारा चलाए जाने वाले आकास्मिक नंबर की भी जानकारी भी बच्चों को दी। कहा गया कि सड़क दुर्घटनाओं के समय हमें अपना धैर्य बनाए रखना चाहिए और विवेक से काम लेना चाहिए। विद्यार्कियों ने बताया कि सामान्य तौर पर घायल व्यक्तियों को 50 हजार रुपए और स्थल मृत्यु के लिए 2 लाख रुपए की सहायता राशि सरकार द्वारा दी जाती है।

### हर घर पौधा, घर-घर पौधा मुहिम की शुरूआत



**KODARMA:** गांव स्तर पर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाते हुए आजीविका का स्त्रोत बढ़ाने के साथ-साथ वन रक्षा-बंधन के तहत स्वच्छ पर्यावरण मुहैया कराने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उपायुक्त आदित्य रंजन स्वयं गांव में घूम-घूमकर ग्रामीणों को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जागरूक करते रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को उपायुक्त कोडरमा की पहल से हर घर पौधा, घर-घर पौधा मुहिम की शुरूआत की गयी। जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों को 2 से 5 पौधे दिये जा रहे हैं। ये सारे पौधे फलदार पौधे हैं जैसे कटहल, आम, काजू, नींबू, पीपल इत्यादि पौधे ग्रामीणों को अपने-अपने घरों में लगाने के लिए दिये जा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस साल जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा गांव स्तर पर ग्रामीणों को फलदार पौधा दिया जा रहा है ताकि वे अपने घरों में लगाएं और उनका संरक्षण करें ताकि आने वाले समय में ये पौधे उनके लिए आजीविका का स्त्रोत के साथ साथ स्वच्छ पर्यावरण का साधन बनें।

## मां तारा मंदिर की तीसरी वर्षगांठ पर हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

# हवन- पूर्णाहुति व भव्य भंडारा के साथ होगा धार्मिक अनुष्ठान का समापन


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** शिवनगर भुरकुंडा स्थित मां तारा मंदिर का तीसरा वर्षगांठ सोमवार को भक्तिभाव एवं घूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना व कई धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित द्वारा संपन्न कराए गए। इससे पूर्व मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में दर्जनों महिला-पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा मां तारा माता मंदिर से प्रारंभ हुई जो भुरकुंडा पतरातू मुख्य मार्ग से होते हुए नलकारी नदी तट पर पहुंची। जहां पंडित अनिल कुमार मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जल भरवाया। इसके बाद पुनः कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची। जहां कलशों की स्थापना की गई। कलश यात्रा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। मौके पर मंदिर के पुजारी ने कहा कि कलशो में भरे जल से मां तारा को स्नान कराया जाएगा इसके बाद मध्य रात्रि में धार्मिक अनुष्ठान कर माता का पूजन किया जायेगा।

# कुरसे आंगनबाड़ी केंद्र में ग्रामीणों के बीच मुखिया ने किया पोषाहार का वितरण

## बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार की दी जानकारी

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** कुरसे आगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को पोषाहार का वितरण किया गया। इस दौरान कुरसे मुखिया संदीप उरांव ने अभिभावकों एवं बच्चों के बीच सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए पोषाहार का वितरण करते हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंचायत के चहुंमुखी विकास के साथ-साथ ग्रामीणों व बच्चों के स्वास्थ्य सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। मुखिया श्री उरांव ने आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित सेविका-सहायिका व ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बरसात के दिनों साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है कि इसलिए पानी व खाना को ढक कर रखें। साथ ही सोने के समय मच्छरदानी का उपयोग करने की अपील की। ताकि संक्रामक बीमारियों से बचा जा सके। मौके पर सेविका किरण सिंह, संतोष यादव, संगीता देवी, निशा देवी, कुंदा देवी, सरसवती देवी, रौशनी देवी, रीना कुमारी सहित कई ग्रामीण महिलाएं मौजूद थीं।


पोषाहार का वितरण करते कुरसे मुखिया संदीप उरांव • फोटोन न्यूज

### बलकुदरा पंचायत में नयी पंचायत सचिव संगीता कुमारी ने किया पदभार ग्रहण



**BHURKUNDA:** बलकुदरा पंचायत में नयी पंचायत सचिव सुगीता कुमारी ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। स्थानीय मुखिया विजय मुंडा ने नवनियुक्त पंचायत सचिव संगीता कुमारी का बुके देकर स्वागत करते हुए शुभकामनाओं के साथ पदभार ग्रहण कराया। मौके पर मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने बताया कि फिल्हाल पंचायत सचिव संगीता कुमारी जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र व आवास योजनाओं का कार्यभार संभालेंगी। उन्होंने कहा कि पंचायत के कार्यों में अब और तेजी आयेगी। साथ ही कार्यों का निष्पादन ससमय हो पायेगा। स्वागत करने वालो में मुखिया विजय मुंडा, जितेंद्र मुंडा सहित कई ग्रामीण शामिल थें।

# AJKSS ने क्षेत्रीय भंडार सौंदा यूनिट कमेटी का किया गठन

## मोनू ओझा अध्यक्ष, एसएस डे सचिव व कोषाध्यक्ष बने राजेश मोची, दी गई बधाई

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के तत्वावधान में सोमवार को क्षेत्रीय भंडार सौंदा यूनिट की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के केंद्रिय महासचिव सतीश सिन्हा मैजुद थें। बैठक की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा के नेतृत्व में क्षेत्रीय भंडार सौंदा यूनिट 11 सदस्यीय कमेटी का का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मोनू ओझा, उपाध्याक्ष विक्की उरांव, सचिव एसएस डे, सह सचिव श्रीनिवासन, संगठन मंत्री झींकू राम, सह संगठन मंत्री विश्राम सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश मोची चुने गए। वहीं कार्यकारणी सदस्यों में सीता देवी, महावीर मांझी, अमित, भुनेश्वरी देवी शामिल हैं। केंद्रीय महामंत्री सतीश सिन्हा ने सभी नए सदस्यों की फूल माला पहनाकर यूनियन की सदस्यता दिलाते जोरदार स्वगत किया। मौके पर सतीश सिन्हा ने कहा की एजेकेएसएस यूनियन सभी कामगारों को एक समान मान-सम्मान देती है। और श्रमिक हित के लिए सदैव तैयार रहती है। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन के लिए तजदूरों का हित सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। वहीं क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने कहा की यूनियन में सभी लोगो को मान सम्मान के साथ कोलियरी में आने वाली समस्या का निदान करने के लिए यूनियन के पदाधिकारी हमेशा तैयार रहते हैं।


बैठक में उपस्थित यूनियन के लोग • फोटोन न्यूज

# बढ़ते-बदलते रामगढ़ में डिस्ट्रिक्ट ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज ट्रस्ट का किया गया गठन

## होटल शिवम इन में आयोजित प्रेस वार्ता में दी गई जानकारी


प्रेस वार्ता में जानकारी देते कार्यकारिणी समिति • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** बढ़ते -बदलते रामगढ़ में बढ़ते उद्योग व्यवसाय की जरूरत को देखते हुए एक नई व्यापारिक संस्था के निर्माण के मद्देनजर रामगढ़ डिस्ट्रिक्ट ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज ट्रस्ट की नींव रखी गई है । जिसके लिए 15 सदस्यों की कार्यकारिणी समिति बनाई गई है। कार्यकारिणी समिति में अमित कुमार सिन्हा, जितेंद्र प्रसाद , विजय मेवाड़ , नंदकिशोर प्रासाद,चार्टर्ड एकाउंटेंट अजीत जायसवाल , डॉ शरद जैन , मनोज मंडल , राजेश प्रसाद , सर्वेश सिंह , बिमल बुधिया , परमदीप सिंह कालरा , श्जानूश , अनमोल कुमार सिंह , बिनोद कुमार साव , मनोज कुमार मंडल व संजय कुमार दांगी शामिल हैं । यह जानकारी सोमवार को होटल शिवम इन में आयोजित प्रेस वार्ता में ट्रस्ट के सदस्यों ने दी। प्रेस वार्ता में सदस्यों ने बताया की इस नई व्यापारिक संस्था की प्रतिबद्धता उद्योग- व्यवसाय के हितों की रक्षा के साथ विकास की नई संभावनाओं की तलाश भी रहेगी ।

# मांगों पर पहल करे प्रबंधन, जीवन धारा परियोजना खोलने में करेंगे पूरा सहयोग : सिकन्दर उरांव

## विभिन्न मांगों को ले सीसीएल सीएमडी व जीएम से मिल मांग-पत्र सौंपने का हुआ निर्णय

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** संयुक्त रैयत विस्थापित प्रभावित विकास मोर्चा की बैठक सोमवार को चैनगडा फोरलेन स्थित ओवरब्रीज के समीप हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष सिकन्दर उरांव एवं संचालन सुरज उरांव व बालदेव उरांव ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मोर्चा की मजबुती पर बल देते हुए एकजुटता बनाए रखने की बात कही गई।

मौके पर मोर्चा के अध्यक्ष सिकन्दर उरांव ने बताया कि संयुक्त रैयत विस्थापित प्रभावित विकास मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल जल्द ही अपनी विभिन्न मांगों को ले रांची में सीसीएल के सीएमडी से मुलाकात कर अपनी बातों को रखेगा। उन्होंने कहा कि मोर्चा के लोग अपनी मांगों से सीसीएल बरका-सयाल के जीएम अजय सिंह व भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक को भी अवगत कराते हुए मांग-पत्र सौंपेंगे।


बैठक में उपस्थित संयुक्त रैयत विस्थापित प्रभावित विकास मोर्चा के लोग • फोटोन न्यूज

श्री उरांव ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा हमारी मांगों पर सकारात्मक पहल की जाती है तो जीवन धारा परियोजना खोलने में हमसभी रैयत सीसीएल प्रबंधन को पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन धारा परियोजना खोलने की दिशा में सीसीएल प्रबंधन कोई कार्य करती है तो हमसभी रैयतों को सूचना देकर बुलाया जाए तभी कोई कार्य होने दिया जायेगा। मौके पर सिकन्दर उरांव, सुरज उरांव, बालदेव उरांव, रवि कुमार साव, महावीर उरांव, कमल उरांव, गौतम कुमार महतो, चितरंजन महतो, राजू उरांव, मुनेश बेदिया, प्रदीप महतो, चमन कुमार ठाकुर, गणेश साव, बबलू कुमार, ललन उरांव, राजेश उरांव, संतोष बेदिया, सिकंदर सहित मोर्चा के कई लोग मौजूद थें।

# CCL बरका-सयाल CSR के तहत भुरकुंडा अस्पताल ने लगाया जांच शिविर

## मरीजों के बीच दवा का भी हुआ वितरण


शिविर में लोगों का स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय भुरकुंडा द्वारा बलकुदरा पंचायत में सीसीएल बरका-सयाल सीएसआर के तत्वावधान में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन बलकुदरा मुखिया विजय मुंडा व पंचायत समिति सदस्य राजु कुमार मुंडा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर सीसीएल अस्पताल के चिकित्सक डॉ. नदीम अनवर व डॉ. रिया द्वारा लगभग 75 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ शिविर में पाये गये मरीजों को डॉ. नदीम अनवर ने उचित परामर्श देते हुए निःशुल्क दवा का भी वितरण किया। मौके पर डॉ. नदीम अनवर ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य जीवन के लिए अनमोल रत्न की तरह है। उन्होंने लोगों से हल्की-फुल्की भी शारीरिक तकलीफ होने पर चिकित्सक से मिलने की सलाह दी। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि पंचायत के चहुंमुखी विकास के साथ-साथ ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाना भी मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए पंचायत में आगे भी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जायेगा।

## हर हर महादेव के जयकारों से गूंजा कोयलांचल

# श्रावण माह की दूसरी सोमवारी पर पूजा-अर्चना के लिए शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**क्षेत्र की सुख-समृद्धि, व हरियाली-खुशहाली की हुई कामना, प्रसाद का हुआ वितरण**

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में सोमवार को श्रावण माह के दूसरी सोमवारी पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं महिला-पुरूषों की अपार भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर, फल-फूल, बेलपत्र व प्रसाद चढ़ाकर पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान हर हर महादेव, ऊः नमः शिवाय सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि, अमन-चैन और हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित शिव मंदिर, सयाल मोड शीतला मंदिर, पटेलनगर शिव मंदिर व गायत्री मंदिर, हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर सहित क्षेत्र के शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही जुटे रहें। वहीं भुरकुंडा, रिभर साईड, लपंगा, चैनगडा, सौंदा डी, हॉस्पीटल कॉलोनी, कुरसे, चिकोर, लादी, देवरिया, मतकमा, पाली, निमी, सुद्दी, बलकुदरा, बासल आदि क्षेत्रों के शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी रही। इधर तीन नंबर झोपड़ी स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में भी सोमवारी पर विशेष पूजा का आयोजन हुआ। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही कई जगहों पर भव्य भंडारा का भी आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर रिभर साईड भुरकुंडा स्थित शिव मंदिर पूर्व प्रखंड उपप्रमुख रमाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय व उपप्रमुख बबीता पांडेय ने भगवान शिव का दूध से जलाभिषेक किया। साथ ही विधिवत पूजा-अर्चन कर भगवान शिव के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की।


शिवलिंग पर जलाभिषेक करते रमाशंकर व उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं • फोटोन न्यूज

# शिवालयों में दूसरी सोमवारी पर भक्तों ने जलाभिषेक कर मांगा आशीर्वाद


चितरपुर के महादेव मंडा में पूजा अर्चना के पश्चात सेल्फी लेते नवदम्पति • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAJRAPPA:** पवित्र श्रावण मास, जिसे देवों के देव महादेव की भक्ति के लिए खास माना जाता है और इस माह में पड़ने वाले सोमवार को महत्व अत्यधिक माना जाता है। सावन माह के दूसरे सोमवार को पूरा रजरप्पा कोयलांचल शिवमय नजर आया। रजरप्पा के आवासीय कॉलोनी स्थित शिवालय मंदिर, चितरपुर के महादेव मंडा सहित मारंगमरचा, सोढ़, बड़कीपोना, छोटकीपोना, सुकरीगढ़ा, लारी, कुंदरूकलां में धूम मची रही. कोयलांचल में सुबह से मंदिरों और शिवालयों में भक्तों का तांता लगा हुआ दिखाई दिया। इस दौरान शिवालय में शिवभक्तों ने भगवान शिव का भक्तों द्वारा पंचामृत, पुष्पमाला, चंदन और अक्षत से पूजन किया गया एवं भक्तों ने जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक करके सुख समृद्धि की कामना की। युवतियों ने अच्छे वर की कामनाओं को लेकर सावन सोमवार का व्रत रखा। शिव मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा रही।

BRIEF NEWS

## बर्न वार्ड तोड़कर जल्द बनेगा पांच मंजिला भवन



**JAMSHEDPUR :** कोल्हान के सबसे बड़ा अस्पताल एमजीएम अस्पताल में स्थित इमरजेंसी, प्रशासनिक भवन को बहुत जल्द ही दूसरी जगह शिफ्ट किया जायेगा। क्योंकि एमजीएम अस्पताल के बर्न यूनिट को पूरी तरह से तोड़ दिया गया है। वहां पांच मंजिला नया भवन का निर्माण जल्द शुरू होने वाला है। फिलहाल बर्न यूनिट को पीजी बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया है। हालांकि सभी सुविधाएं भी मुहैया कराई गई है। यूनिट के पास जर्जर हो चुके चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के आवास को तोड़ा गया था। दोनों भवनों के टूट जाने से वहाँ काफी बड़ा जगह खाली हो चुका है। ऐसे में यहाँ नया भवन बनाने के लिए पर्याप्त जगह मिल गए है। अब बहुत जल्द पांच मंजिला भवन बनेगा। जिसमें इमरजेंसी, प्रशासनिक भवन समेत अन्य विभाग को भी शिफ्ट किया जायेगा। दूसरी ओर एमजीएम के अधीक्षक डॉ. रवींद्र कुमार ने वर्तमान में निमार्णाधीन बर्न यूनिट का निरीक्षण किया। जहाँ भवन निर्माण करने वाली एजेंसी से काम की प्रगति के बारे में जाना। उन्होंने बताया कि बर्न यूनिट के नये भवन बन जाने के बाद वहाँ पहले की तरह जल जमाव जैसी असुविधा नहीं होंगी।

## विधायक सरयू राय ने भाजपा नेता के घर जाकर जाना हाल चाल

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय सोमवार को मानगो डिमना स्थित हिलव्यु कॉलोनी पहुँचे। उन्होंने हिलव्यु कॉलोनी निवासी भाजपा नेता अरूण पांडेय के पुत्र पर कल रात हुई फायरिंग की घटना की जानकारी ली और उनके पुत्र का हाल जाना। उन्होंने इस घटना की निंदा भी की। इस घटना को लेकर पीड़ित परिजनों ने पुरे घटनाक्रम से विधायक को अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक ने कहा की प्रशासन को इस घटना की निष्पक्ष और त्वरीत अनुसंधान कर दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। इस अवसर पर भाजमो नेता प्रवीण सिंह, कन्हैया ओझा सहित अन्य उपस्थित थे।

## करनडीह ग्राम सभा ने फ्लैट निर्माण के विरोध में डीसी को सौंपा ज्ञापन

**JAMSHEDPUR :** करनडीह ग्राम सभा का प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को सालखु सोरेन के नेतृत्व में उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव को ज्ञापन सौंपा। जगन्नाथ मुर्मू ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से करनडीह ग्राम सभा क्षेत्र में अवैध रुप से फ्लैट निर्माण पर रोक लगाने की मांग उपायुक्त से की गई। ग्राम सभा क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए धड़ल्ले से फ्लैट का निर्माण किया जा रहा है। करनडीह क्षेत्र में पहले से ही भूगर्भ जलस्तर काफी नीचे है। निर्माण किए जा रहे फ्लैट में हजारों फीट डीप बोरिंग की जा रही है। इससे क्षेत्र में जलस्तर की समस्या उत्पन्न होगी। वहीं करनडीह ग्राम सभा क्षेत्र में नाली नहीं होने के कारण फ्लैट एरिया का सारा पानी सड़कों पर बहता है। इससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में उपायुक्त से कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस अवसर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## टेल्को में टाटा मोटर्स कर्मी के घर से सात लाख के गहने की चोरी

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के टेल्को थाना अंतर्गत टेल्को कॉलोनी निवासी सुरेश शर्मा के घर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। घटना रविवार देर शाम की है। घटना की जानकारी सुरेश को तब हुई जब वे रात 9.30 बजे घर पहुंचे। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। सुरेश टाटा मोटर्स में आईआर हेड के पद पर कार्यरत हैं। सुरेश ने पुलिस को बताया कि वे रविवार शाम अपने साथी से मिलने बिरसानगर गए थे। रात 9.30 लौटे तो पाया कि घर का सामान बिखरा पड़ा है और घर में सामानों की चोरी हो गई है। चोर घर में रखे 140 ग्राम सोने के गहने जिसका अनुमानित मूल्य सात से आठ लाख रुपये है वह अपने साथ ले गए है।

### मुहर्रम शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

# भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : SDO



शांति समिति की बैठक में शामिल एसडीओ व अन्य अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर घाटशिला थाना में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान चार लाइसेंसी अखाड़ा कमेटी के सदस्यों ने 28 जुलाई को नवमी और 29 जुलाई को दशमी का मुख्य जुलूस निकालने की बात कही। एसडीओ सत्यवीर रजक ने बताया कि घाटशिला में चार कमेटी द्वारा मुहर्रम जुलूस निकाली जाती है। जिसमें घाटशिला मुस्लिम बस्ती, नवाब कोठी मुहर्रम अखाड़ा कमेटी, साड़पुरा मुहर्रम अखाड़ा कमेटी एवं फुलपाल मुहर्रम अखाड़ा कमेटी शामिल हैं। एसडीओ ने कहा कि जो कमेटी है वह अपने निर्धारित रूट पर ही जुलूस निकालेंगे। सभी कमेटी अपने-अपने स्तर पर वोलेंटियर्स की नियुक्ति करेंगे और उनका नाम थाना में भी देंगे।

**जुलूस के दौरान तैनात रहेंगे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड:** उन्होंने कहा कि मुहर्रम के दौरान किसी तरह के अफवाह फैलाने वाली या माहौल को बिगाड़ने वाली पोस्ट मोबाइल के जरिये कोई ना करें। उन्होंने कहा कि भड़काऊ पोस्ट करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। प्रशासन सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करेगी। साथ-साथ जुलूस के साथ फायर बिग्रेड और एंबुलेंस तैनात करेगी। विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। सभी कमेटी शांतिपूर्ण तरीके से रात 8 बजे तक जुलूस समाप्त करने का प्रयास करेंगे। मुहर्रम के दिन बिजली व्यवस्था जुलूस निकलने से समाप्त होने तक बाधित रहेगी। जुलूस हर हाल में शांतिपूर्ण तरीके से निकलना चाहिए, और इसमें कमेटी के लोग भी सहयोग करेंगे।

**बैठक में ये लोग हुए शामिल:** बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ कुमार एस अभिनव, सीओ राजीव कुमार, थाना प्रभारी बिमल किंडो, उप प्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल, दिनेश साव, सुरेश चौहान, कालीराम शर्मा, फकीर चन्द्र अग्रवाल, शेख फारुख, अब्दुल गफ्फार, मो. आलम, रहमत अंसारी, शेख अखिरउद्दीन, मो. आलम, शेख भोलु, राजहंस मिश्रा, सुजय सिंह, प्रणव मुखर्जी, कांठा सिंह, आनंद अग्रवाल, मुखिया तारामनी मुंडा, संजय अग्रवाल समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त ने दिखाई हरी झंडी

**JAMSHEDPUR :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से सोमवार को एक जागरूकता रथ रवाना किया गया। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय परिसर से जागरूकत रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों के गांवों में जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत राष्ट्रीय स्तर की संस्था के द्वारा चिन्हित ग्राम/ग्राम पंचायतों में स्वच्छता का आंकलन किया जायेगा। जिसके प्रत्यक्ष आंकलन के आधार पर उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा। जागरूकता रथ के माध्यम से गांव-गांव में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न गतिविधियों के द्वारा जन- जन तक स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 का संदेश पहुंचाया जायेगा जिससे पूर्वी सिंहभूम जिला के ग्राम पंचायत उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सके।

इस कार्यक्रम के तहत स्वच्छता से संबंधित ग्राम सभा, दीवार लेखन, दीवार पेंटिंग एवं पेयजल स्त्रोतों का साफ -सफाई, जल संचयन के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया जाना है। मौके पर मौके पर निदेशक डीआरडीए सौरव सिन्हा, निदेशक एनइपी ज्योत्सना सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल जमशेदपुर सुनील कुमार, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल आदित्यपुर सुमित कुमार, सभी जिला समन्वयक एसबीएम-जी तथा अन्य उपस्थित थे।

# बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ का जत्था पहुंचा सुल्तानगंज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के द्वारा आयोजित निशुल्क कांवर यात्रा में शामिल 1000 शिव भक्तों का जत्था सोमवार को सुल्तानगंज पहुंचा। सुल्तानगंज में आयोजित कांवरियों के संग बैठक कर संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने सभी शिव भक्तों को आगे की कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी के बीच पहचान पत्र का वितरण किया। सुल्तानगंज में सभी कांवरियों के बीच केला, बिस्कुट एवं पानी का वितरण के साथ-साथ जत्थे में शामिल डॉक्टर के द्वारा सभी की स्वास्थ्य की जांच की गई। जरूरत के अनुसार सभी को दवाइयां दी गई।



सुल्तानगंज में जुटे बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के कांवरिये। ● फोटोन न्यूज

विकास सिंह ने बताया रात्रि का विश्राम असरगंज के शिकारी धर्मशाला में है जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन के साथ भोजन और विश्राम की व्यवस्था की गई है। असरगंज के धर्मशाला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप भागलपुर के डीएम उपस्थित रहेंगे।

## जुगसलाई में श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ आज, कथावाचक पहुंचे

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जुगसलाई एमईस्कूल रोड़ स्थित राजस्थान शिव मंदिर में सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ मंगलवार 18 जुलाई को सुबह 08.30 बजे कलश यात्रा के साथ होने जा रहा हैं। सोमवार की देर शाम कथावाचक अंतरराष्ट्रीय व्याख्याता पूज्यश्री गौभक्त डा. संजीव कृष्ण ठाकुर जी शहर पहुँच गये हैं। कलश यात्रा गढ़वाल निवास राम टेकरी रोड़ से निकलेगी जो कथा स्थल राजस्थान शिव मंदिर तक जायेगी।

कलश यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत होगा। सावन माह के पावन अवसर पर इसका आयोजन जुगसलाई के गढ़वाल परिवार (थोई, राजस्थान निवासी) द्धारा किया गया हैं। इस संबंध में आयोजक राजेश गढ़वाल और सत्यनारायण अग्रवाल मुन्ना ने बताया कि वृन्दावन से पधारे कथावाचक डा. संजीव कृष्ण ठाकुर जी के साथ 21 सदस्यों की टीम आयी हैं, जो भागवत कथा प्रसंग के अनुसार सुंदर झांकी भी प्रस्तुत करेंगे। महाराज व्यासपीठ से रोजाना दोपहर 03 बजे से शाम 07 बजे तक कथा का प्रवचन करेंगें। वृन्दावन से हवाई मार्ग से रांची एयरपोर्ट पर पहुँचने पर गौभक्त डा. संजीव कृष्ण ठाकुर का सत्यनारायण अग्रवाल, महेश गढ़वाल, बासु गढ़वाल, गणेश अग्रवाल, सोनु आदि ने भव्य स्वागत किया।



कथावाचक का स्वागत करते लोग। ● फो.टोन न्यूज

# डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए डीसी ने किया जिलेवासियों को अलर्ट, जारी किया दिशा-निर्देश

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जिले के उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को डेंगू के प्रकोप से बचाव को लेकर जिलेवासियों को सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि डेंगू व चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता है। तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें। यह डेंगू व चिकनगुनिया का लक्षण हो सकता है। उक्त लक्षण दिखाई दें तो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। वहीं, अपने घर एवं आस-पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करने को कहा गया है। जिले में अभी तक 30 डेंगू मरीजों की पुष्टि हो चुकी है।

**क्या करें:**

- डेंगू व चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।
- सोते समय मेडिकेटेड मच्छरदानी का उपयोग करें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- डेंगू व चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू व चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवाएं।

**क्या नहीं करें:**

- घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर आदि न रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नहीं होने दें।
- टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।
- बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें।
- बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले न रखें, क्योंकि इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है।

# एमजीएम के इमरजेंसी में थे 50 से अधिक भर्ती मरीज, ड्यूटी से गायब मिले चिकित्सक

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कालेज अस्पताल की अव्यवस्था दूर होने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार की सुबह करीब पांच बजे अधीक्षक डा. रविंद्र कुमार अचानक से अस्पताल पहुंच गए। इस दौरान सबसे पहले वे इमरजेंसी विभाग गए तो देखा कि ड्यूटी पर कोई भी चिकित्सक तैनात नहीं हैं।

न तो कोई सीनियर चिकित्सक था और न ही जूनियर चिकित्सक। इस दौरान मरीज राम भरोसे थे। उन्हें देखने वाला कोई नहीं था। इस दौरान अगर किसी मरीज की स्थिति गंभीर हो जाए तो उसकी जान पर आफत बन आती। अधीक्षक ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित चिकित्सकों को शोकॉज किया है। उन्होंने कहा कि यह घोर लापरवाही है। इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। अधीक्षक ने कहा कि वे इमरजेंसी विभाग में लगभग एक घंटे मौजूद रहे लेकिन इस दौरान कोई भी चिकित्सक नहीं पहुंचा। 24 घंटे के अंदर उन्होंने शोकॉज का जवाब देने को कहा है। ताकि आगे की कार्रवाई की जा सकें। मालूम हो कि एमजीएम की व्यवस्था में सुधार लाने को लेकर डीसी विजया जाधव भी सक्रिय है। उनकी ओर से 35 सदस्यों की टीम बनाई गई है, जो अस्पताल का निरीक्षण कर उन्हें रिपोर्ट करती है। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाती है। ताकि अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा मिल सके।

## टिनप्लेट यूनियन महिला महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** टिनप्लेट यूनियन महिला महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नए सेशन शुरू होने पर नए छात्राओं के स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की मैनेजिंग कमिटी महाविद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया।



सम्मान समारोह में उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की सर्वप्रथम दीप जलाकर की गई। कार्यक्रम को चेयरमैन राकेश्वर पांडे, महाविद्यालय के सचिव मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल,महाविद्यालय की प्रचार्य रंजना भगत ने अपने संबोधन में सभी नये छात्राओं को उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन मति कामिनी गुप्ता ने की। संस्कृति कार्यक्रम का संचालन झूमा घोषाल एवं मति नीलम दुबे ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन मति ममता सवाई ने किया। कॉलेज की शिक्षिकाएं सीमा कुमारी, सरिता कुमारी, आभा सिंह, नेहा रानी,मीरा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्य सतनाम सिंह, मुन्ना खान, रमेश राव, साईं बाबू राजू, जगजीत सिंह, वकील खान, संजय कुमार सिंह, भूपेंद्र सिंह भी उपस्थित थे।

## JNVST 6TH CLASS ADMISSION 2024 : नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जवाहर नवोदय विद्यालय के 6वीं कक्षा में दाखिले के लिए आवेदन फॉर्म जारी कर दिया गया हैं। जो माता-पिता अपने बच्चों को जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाना चाहते हैं। उन्हें अपने बच्चे के दाखिला के लिए होने वाले प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन करना होगा।

जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं प्रवेश 2024-25 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को जेएनवीएसटी क्लास 6वीं 2024 प्रवेश परीक्षा में शामिल होना होगा। प्रवेश परीक्षा दो चरण में आयोजित की जाएगी और 2024 में रिजल्ट जारी किया जाएगा। जारी नोटिफिकेशन के तहत ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। और आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2023 निर्धारित की गयी है। परीक्षा का पहला चरण 4 नवंबर 2023 को सुबह 11.30 बजे और दूसरा चरण की परीक्षा 20 जनवरी 2024 को सुबह 11.30 बजे आयोजित होगी। प्रवेश परीक्षा के नतीजे के आधार पर, छात्रों को सत्र 2024-25 में जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं में एडमिशन के लिए बुलाया जाएगा। छात्र ध्यान दें कि अगर आप नवोदय क्लास 6वीं एडमिशन फॉर्म 2024 के लिए आवेदन नहीं करते हैं, तो आप प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे।

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश 2024-25 के आवेदन व इससे संबंधित अधिक जानकारी के लिए इसके आधिकारिक वेबसाइट navodaya.gov.in पर अभिभावक व छात्र विजिट कर सकते हैं। जहां एडमिशन प्रक्रिया से संबंधित सभी जानकारी दी गयी है।

**ऑनलाईन आवेदन में ये जानकारी देनी होगी :** जो भी अभिभावक अपने बच्चे का आवेदन फार्म भर रहे हैं उन्हें अपने राज्य, जिला, ब्लॉक, स्कूल का नाम व उसके मूल विवरण की सभी जानकारी दखनी होगी। इसके साथ ही अपनी श्रेणी, परीक्षा माध्यम, माता-पिता की वार्षिक आय की जानकारी रखनी होगी। क्योंकि यह जानकारी उनसे नवोदय क्लास 6वीं एडमिशन फॉर्म 2024 भरते समय पूछी जाएगी। छात्रों को नवोदय कक्षा 6 प्रवेश फॉर्म 2024 को आवेदन करने के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं देना होगा। नवोदय विद्यालय कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा 2024 के लिए केवल वही उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे जिनका जन्म 1 मई 2012 और 30 अप्रैल 2014 के बीच होना चाहिए तथा वो किसी मान्यता प्राप्त सरकारी/निजी स्कूल से शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में कक्षा 5 उत्तीर्ण होना हों।

**ऐसे आवेदन फार्म भरें:**

**स्टेप-1:** जवाहर नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट navodaya.gov.in पर जाएं।

**स्टेप-2:** आधिकारिक वेबसाइट के होम पेज में क्लास 6 एडमिशन 2024 लिंक पर क्लिक करें।

**स्टेप-3:** आप नवोदय कक्षा 6 का प्रवेश फॉर्म खुल जाएगा जिसमें अपना व्यक्तिगत विवरण दर्ज करें।

**स्टेप-4:** अब मांगे गए दस्तावेज, फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करें और सबमिट बटन पर क्लिक करें।

**स्टेप-5:** एडमिशन फॉर्म में भरे गए सभी विवरण की जांच करें और सबमिट करें।

**स्टेप-6:** अब नवोदय कक्षा 6 प्रवेश 2024 का अंतिम प्रिंट आउट डाउनलोड करें।

### बरसात के दिनों में खान-पान पर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत

# शहर के मिठाई दुकानों में बड़ी लापरवाही, BHALUBASA MISTI BHOG में गंदगी के साथ चल रही थी चींटियां

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बरसात के दिनों में खान-पान पर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि शहर के होटलों में भारी लापरवाही बरती जा रही है। सोमवार को फूड विभाग की छापेमारी में इसका खुलासा हुआ है।

फूड इंस्पेक्टर मंजर हुसैन के नेतृत्व में टीम सबसे पहले भालुबासा स्थित मिष्ठी भोग स्वीट भंडार पहुंची। यहां पर गंदगी की भारी कमी देखी गई। वहीं, कई मिठाइयों में चिट्टी चल रही थी, जिसे नष्ट किया गया। साथ ही फाइन भी किया जाएगा। इसके बाद टीम बिष्टुपुर स्थित जी टाउन क्लब व सोनारी स्थित रामानुज डेयरी पहुंची। यहां से कलश चना बेसन, टाटा नमक का नमूना लिया गया। इसे जांच के लिए रांची लैब भेजा जाएगा। वहां से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फूड इंस्पेक्टर मंजर हुसैन ने बताया कि बरसात के दिनों में साफ-सफाई पर

विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। वहीं, खाद्य-पदार्थों की जांच को लेकर लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जो भी आरोपित मिले उनके खिलाफ सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी।



मिठाई दुकान में जांच करते अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में आयोजित तीन दिवसीय राखी मेले का समापन आज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) के दूसरे दिन सोमवार को भी बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में काफी भीड़ उमड़ी। इस मेला में 20 रुपए से लेकर 850 रुपए तक की कई डिजनाइर समेत चांदी की राखी भी हैं। मंगलवार 18 जुलाई को रात 09 बजे तक राखी मेला खुला रहेगा। दो दिन मेले में हुई भीड़ से स्टॉल लगायी महिलाओं का हौसला बुलद हैं।



राखी मेले में खरीददारी करती महिलाएं। ● फोटोन न्यूज

मेले मे टोटल 51 स्टॉल लगे हैं। इसमें एक ही छत के नीचे महिलाएं अपने उत्पादों का संग्रह लेकर आयी हैं। सोमवार को मंच अध्यक्ष बीना अग्रवाल एवं सचिव सीमा अग्रवाल ने बताया कि इस मेले में एक ही स्थान पर राखी, गिफ्ट आइटम, बेड शीट, लड्डू गोपाल की पोशाक, बंधनवार, साड़ी, कुर्ती और गृह सज्जा के सामानों का भरपूर कलेक्शन हैं। इसके अलावा गृह उपयोगी हाथों से बने आचार, पापड़, मंगोड़ी, खजला भी उचित मूल्य में मिल रहे हैं। दूसरे दिन सोमवार को भी सुबह से लेकर देर शाम तक मेले में काफी चहल पहल रही।

# रंग बदलता सागर


जलवायु परिवर्तन पृथ्वी की सतह को नया आकार-प्रकार दे रहा है, यहां तक कि सागर भी अब रंग बदलने लगे हैं। एक ताजा अमेरिकी अध्ययन में बताया गया है कि दुनिया का आधे से अधिक महासागर क्षेत्र हरित होता जा रहा है। साफ संकेत किया गया है कि यह प्रवृत्ति मानव-जनित ग्लोबल वार्मिंग से जुड़ी है। वैज्ञानिक यह पता लगाने में जुटे हैं कि सागर का रंग आखिर हरा क्यों हो रहा है? कुछ स्थानों पर पानी में तैरते प्लवक या अन्य कार्बनिक पदार्थ पाए जा रहे हैं, जिससे बदलाव का पता चलता है। वैज्ञानिकों को लगता है कि इस प्रकार के बदलाव का पूरे समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ सकता है। हरे होते सागर में गहरे शोध के लिए अनेक सवाल तैरने लगे हैं। नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन यह बताता है कि दुनिया भर में पानी की सतह पर परावर्तित प्रकाश संबंधी 20 वर्षों के उपग्रह डाटा की जांच की गई है। यह सूक्ष्म परिवर्तन जरूरी नहीं कि हर जगह नग्न आंखों से दिखाई दे जाए, पर यह सच है कि दुनिया के 56 प्रतिशत महासागर का रंग बदल रहा है। उपोष्णकटिबंधीय और उष्णकटिबंधीय इलाकों सहित निचले अक्षांशों में यह बदलाव खास तौर पर ज्यादा है। बदलाव का पता लगाने के लिए शोधकर्ताओं ने एक कंप्यूटर मॉडल का भी उपयोग किया है। इसका भी इशारा यही है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से ऐसा हो रहा है। सागर के रंग संबंधी पुराने आंकड़ों का मिलान नए आंकड़ों से किया गया है। महज 20 वर्ष के समय में बदलाव स्पष्ट दिखता है। अगर यह बदलाव धरती के बढ़ते तापमान की वजह से हो रहा है, तो वैज्ञानिकों को पुख्ता समाधान के साथ सामने आना चाहिए। खतरा कितना भी बड़ा हो, उसके वैज्ञानिक अध्ययन और ठोस उपाय या समाधान बताने में पूरी ईमानदारी रहनी चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग को जितना बड़ा खतरा माना जा रहा है, हकीकत उससे कहीं ज्यादा त्रासद है। सागर को हमने सदियों से नीलवर्णी ही देखा है और अगर वह हरितवर्णी होने लगा है, तो इससे ज्ञान-विज्ञान और साहित्य पर असर पड़ना तय है। यह भी देखने में आया है कि सागर में कुछ धाराओं का प्रवाह भी बदल रहा है। धाराओं की संरचना भी बदल रही है। इन बदलावों का गहराई से सतत अध्ययन होना चाहिए। यह बात हम सभी जानते हैं कि सागर में जैव-विविधता भी बहुत तेजी से घट रही है और इसके लिए भी ग्लोबल वार्मिंग को ही जिम्मेदार माना गया है। आशंका है कि जैसे-जैसे दुनिया गरम होती जाएगी, वैश्विक महासागर भी बदलते जाएंगे। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक वरिष्ठ शोध वैज्ञानिक, अध्ययन की सह-लेखक स्टेफनी ने कहा है कि ह्यवास्तव में, ऐसा होते देखना आश्चर्यजनक नहीं, बल्कि भयावह है ह्ल गौर कीजिए, सागर ही नहीं, जगह-जगह मिट्टी और आकाश का रंग भी पहले जैसा नहीं है। महानगरों में तो हर चीज पर प्रदूषण की एक मोटी परत जमी रहती है। रात में सितारों भरा आसमान देखना दुर्लभ होता जा रहा है। लोग भूलने लगे हैं कि आकाश में कितने सितारे सजे हुए हैं।

# विपक्षी एका का भविष्य

विपक्षी एकता को बल देने के लिए बेंगलुरु में होने जा रही बैठक में किन विषयों पर चर्चा होती है और मोदी हटाओ के अलावा क्या कोई सकारात्मक एजेंडा तैयार हो पाता है, इस पर सारे देश की दृष्टि होगी। जहां पटना में इसी तरह की बैठक में 16-17 दलों ने भागीदारी की थी, वहीं बेंगलुरु में 26 दल एकत्र हो रहे हैं। हालांकि ये जो नए दल बेंगलुरु में विपक्षी एकता को बल देने के लिए पहुंच रहे हैं, वे मुख्यतः दक्षिण भारत में सीमित असर रखने वाले ही हैं, लेकिन विपक्ष के पास यह दावा करने का अवसर तो होगा ही कि अब उसके साथ कहीं अधिक दल हैं। इसके बाद भी यह कहना कठिन है कि अगले आम चुनाव तक वे सभी एकजुट रह पाएंगे, क्योंकि उनमें इसे लेकर मंथन जारी है कि किस पाले में खड़े होने से लाभ होगा। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी हाल तक जो नेता विपक्षी एकता की पैरवी कर रहे थे या फिर भाजपा से दूरी बनाए थे, उनमें से कुछ पाला बदल चुके हैं। इनमें प्रमुख हैं जीतनराम मांझी और ओमप्रकाश राजभर। आने वाले दिनों में ऐसे नेताओं की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि भाजपा भी अपने नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को विस्तार देने के लिए प्रयासरत है। उसने भी इसी सिलसिले में 18 जुलाई को बैठक बुलाई है। विपक्षी दलों की पटना बैठक को आयोजित हुए बहुत दिन नहीं हुए, लेकिन इस बीच विरोधी खेमे में काफी कुछ बदल चुका है। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी राकांपा में विभाजन हो चुका है और विपक्षी एकता के सबसे बड़े पैरोकार नीतीश कुमार अपने दल में टूट की आशंका से ग्रस्त दिखने लगे हैं। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोपपत्र दायर हो जाने के कारण भी नीतीश कुमार की कठिनाई बढ़ी है। एक अन्य घटनाक्रम के तहत कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को संतुष्ट करने के लिए दिल्ली सरकार को लेकर आए अध्यादेश का विरोध करने का फैसला ले लिया है। इसके बाद आप नेताओं ने बेंगलुरु जाने की हामी तो भर दी है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या दिल्ली और पंजाब कांग्रेस के नेता अपने नेतृत्व के फैसले को स्वीकार कर पाएंगे? प्रश्न यह भी है कि क्या अब आम आदमी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में कांग्रेस पर अपने तीखे राजनीतिक हमले करने बंद कर देगी?

# भारतीय संस्कृति की विराट शक्ति

ANALYSIS



✍ हृदयनारायण दीक्षित

लोक नियोजन के सभी अवसर अल्पसंख्यकों को उपलब्ध हैं। वे ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रपति तक चुने जाते हैं। बावजूद इसके कथित उदारवादी अल्पसंख्यक उत्पीड़न के बहाने भारत पर हमलावर हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा की भी इस मुद्दे पर हाल में नकारात्मक टिप्पणी आई। इस बीच विश्व मुस्लिम लीग के महासचिव मुहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल ईसा ने बीते दिनों दिल्ली में भारत के ज्ञान एवं संविधान की प्रशंसा करते हुए उसे शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का सुंदर उदाहरण बताया। अल ईसा ने कहा कि शांति के संबंध में विश्व को भारत से सीखना चाहिए। उन्होंने भारत को अल्पसंख्यक उत्पीड़न का क्षेत्र बताने वाले कथित उदारवादियों को आईना दिखाया है। भारत में पंथ मजहब आधारित भेदभाव कभी नहीं रहे। भारत के मूल अभिजन आर्य-हिंदू हैं। यहां विश्व के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से जनसमूह आते रहे हैं। संस्कृति और सभ्यता के अध्येता अनेक विद्वानों ने हिंदुओं द्वारा सबको गले लगाने और मिला लेने की क्षमता को अद्भुत बताया है।

संप्रति भारत राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा बढ़ी है, लेकिन यह कथित उदारवादियों की आंखों को चुभ रही है। वे सुनियोजित रणनीति के तहत भारतीय लोकतंत्र को बदनाम करते रहते हैं। आरोप लगाते हैं कि अल्पसंख्यकों को सामान्य नागरिक अधिकार भी उपलब्ध नहीं हैं। जबकि सच इसका उलटा है। यहां अल्पसंख्यकों को बहुसंख्यकों की तुलना में ज्यादा अधिकार मिले हुए हैं। उन्हें संविधान में अल्पसंख्यक वर्गों के हितों के संरक्षण के अंतर्गत विशेषाधिकार प्राप्त हैं। उन्हें शिक्षण संस्थाओं की स्थापना एवं संचालन का भी अधिकार है। ऐसे अधिकार बहुसंख्यकों को नहीं हैं। लोक नियोजन के सभी अवसर अल्पसंख्यकों को उपलब्ध हैं। वे ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रपति तक चुने जाते हैं। बावजूद इसके कथित उदारवादी अल्पसंख्यक उत्पीड़न के बहाने भारत पर हमलावर हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा की भी इस मुद्दे पर हाल में नकारात्मक टिप्पणी आई। इस बीच विश्व मुस्लिम लीग के महासचिव मुहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल ईसा ने बीते दिनों दिल्ली में भारत के ज्ञान एवं संविधान की प्रशंसा करते हुए उसे शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का सुंदर उदाहरण बताया। अल ईसा ने कहा कि शांति के संबंध में विश्व को भारत से सीखना चाहिए। उन्होंने भारत को अल्पसंख्यक उत्पीड़न का क्षेत्र बताने वाले कथित उदारवादियों को आईना दिखाया है। भारत में पंथ मजहब आधारित भेदभाव कभी नहीं रहे। भारत के मूल अभिजन आर्य-हिंदू हैं। यहां विश्व के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से जनसमूह आते रहे हैं। संस्कृति और सभ्यता के अध्येता अनेक विद्वानों ने हिंदुओं द्वारा सबको गले लगाने और मिला लेने की क्षमता को अद्भुत बताया है। यहां बाहर से आए ईरानी, यूनानी, पार्थियन, बैक्ट्रियन, हूण, तुर्क, यहूदी और पारसी भी घुलमिल गए। मुसलमान सातवीं शताब्दी में आए। उनका आना काफी लंबे समय तक जारी रहा। उन पर भी हिंदू जीवन रचना का प्रभाव पड़ा। प्रसिद्ध इतिहासकार विंसेंट स्मिथ ने लिखा है कि, ह्यविदेशी (मुसलमान तुर्क) अपने पूर्वजों शकों आदि की तरह हिंदू धर्म की आत्मसात करने की अद्भुत शक्ति के वश में हुए और उनमें तेजी से हिंदूपन घर कर गया ह्ल वे भारतीय संस्कृति के प्रभाव में भारत के अभिजन बन गए। हालांकि, पं. जवाहरलाल नेहरू ने स्मिथ द्वारा प्रयुक्त हिंदू धर्म और हिंदूपन शब्द प्रयोग पर आपत्ति में कहा, ह्यइन शब्दों के इस्तेमाल से एक खास मजहब का ख्याल आता है ह्ल नेहरू की दृष्टि में हिंदू मजहब है, पर उनका यह निष्कर्ष राजनीतिक होते हुए सत्य से परे है। वस्तुतः, हिंदुत्व भारत के लोगों की जीवनशैली है, लेकिन नेहरू भारत के बाहर से आए लोगों के परस्पर मिल जाने की बात से इन्कार नहीं करते। मैक्समूलर अंतरराष्ट्रीय ख्याति के विद्वान थे। इंग्लैंड की सरकार ने 1882 में सिविल सेवक अंग्रेज युवकों के प्रशिक्षण के दौरान भारतीय दर्शन, धर्म और संस्कृति पर व्याख्यान देने के लिए उन्हें बुलाया था। उद्देश्य था कि नए सिविल अधिकारी भारत के आत्मा को उचित ढंग से समझ सकेंगे। मैक्समूलर ने ह्यइंडिया वाट कैन टीच असह्ल के माध्यम से संस्कृति दर्शन आदि उत्कृष्ट मूल्यों के लिए भारत को विश्व में श्रेष्ठ बताया था। कथित उदारवादी मैक्समूलर के निष्कर्ष नहीं मानते। वे भारत में सभी आस्थाओं का सहअस्तित्व भी नहीं मानते। अमेरिका में श्वेत-अश्वेत भेद रहे हैं। अश्वेतों का उत्पीड़न भी रहा है। इस पर टिप्पणी नहीं हुई। जम्मू-कश्मीर लंबे अर्से से हिंदू उत्पीड़न का क्षेत्र रहा है। कश्मीर घाटी को हिंदू विहीन करने और कश्मीरी हिंदुओं का नरसंहार भुलाया नहीं जा सकता। इस पर किसी अंतरराष्ट्रीय संस्था ने कोई प्रतिवाद नहीं किया, लेकिन कथित उदारवादी कश्मीर में सक्रिय आतंकियों की गिरफ्तारी और उन पर कानूनी कार्रवाई को लेकर व्यथित रहते हैं। भारत की प्रतिष्ठा कथित उदारपंथियों एवं अलगाववादियों को हजम नहीं होती। अलगाववाद इनका मुख्य एजेंडा है, लेकिन भारत को बदनाम कर कोई भी राजनीति संभव नहीं हो सकती। भारतीयों को असहिष्णु और हिंसक बताकर भी कोई राजनीति नहीं की जा सकती। भारत में विविधता के बावजूद एकता है। इस एकता को तोड़ने का प्रयास समाज के प्रति अपराध है। यहां सभी पंथिक आस्थाओं के प्रति सम्मान का स्वाभाविक परिवेश है। सबको अपने विचार के अनुसार पंथ मजहब के प्रति आस्तिकता और तत्संबंधी उपासना के संवैधानिक अधिकार हैं। स्मरण रहे कि राष्ट्र के जन्म, गठन और निर्माण का आधार मजहब नहीं होता। पाकिस्तान का जन्म और गठन मजहब के आधार पर हुआ, लेकिन पाकिस्तान अपने जन्म के 24 वर्ष बाद टूट गया। मजहब ही राष्ट्र गठन का आधार होता तो पाकिस्तान मजबूत राष्ट्र होता। अलगाववादी विचार को लेकर जिन्ना भारत तोड़ने में कामयाब रहे। यह इतिहास का त्रासद अध्याय और विघटनकारी राजनीति का प्रतिफल है। आखिरकार अपने ही समाज की निंदा और आलोचना का मूल लक्ष्य क्या है। विभाजनकारी राजनीति और राष्ट्रतोड़क बयानबाजी का उद्देश्य क्या है? मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव अल ईसा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी भेंट की। उन्होंने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ मानव केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के तरीके एवं विभिन्न सांस्कृतिक अनुयायियों के मध्य समझ और सद्भाव को बढ़ावा देने पर विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने उग्रवाद और नफरत के सभी पहलुओं का सामना करने के लिए सहमति जताई। मानवीय मूल्यों को लेकर भारत का काम ऐतिहासिक रहा है। विश्व लोकमंगल प्राचीन काल से ही भारत का ध्येय रहा है। भारत ने कभी किसी दूसरे देश पर आक्रमण नहीं किया। अल ईसा ने ठीक ही कहा है कि शांति के लिए सारी दुनिया को भारत से सीखना चाहिए। भारत की सांस्कृतिक संपदा विराट है। मूलभूत प्रश्न है कि क्या शांति और विभिन्न विचारधाराओं के सहअस्तित्व के संबंध में लोग भारत से प्रेरित होंगे और सीखेंगे? बेशक सीखेंगे, लेकिन इसके पहले भारत के छद्म सेक्युलर और कथित उदारपंथी भारतीय संस्कृति का सत्य स्वीकार करें। भारत की प्रतिष्ठा का रथ चक्र तेज रफ्तार है। इसे रोका नहीं जा सकता।



**लेखक उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

# बिखराव का सामना करती विपक्षी एकता

लगता है विपक्षी एकता की कवायद शुभ मुहूर्त में आरंभ नहीं हुई। बिहार में मुकेश सहनी और उपेंद्र कुशवाहा तो पहले ही पाला बदल गए थे। फिर 12 जून को बुलाई बैठक रद हो गई। इसके बाद 23 जून की तारीख तय हुई तो उससे पहले जीतन राम मांझी भी महागठबंधन को अलविदा कह गए। अब अगली बैठक 18-19 जुलाई को बेंगलुरु में होनी है, पर उससे पहले ही महाराष्ट्र में राकांपा दोफाड़ हो गई। कयास लगाए जा रहे हैं कि बिहार में असली उठापटक तो अभी होनी है। इशारा विपक्षी एकता के सूत्रधार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जदयू की ओर है। जदयू इसे भ्रामक प्रचार बता रहा है, पर इस तर्क में ज्यादा दम नहीं कि सत्तारूढ़ दल में विभाजन आसान नहीं। पिछले साल महाराष्ट्र में जब शिवसेना दोफाड़ हुई थी, तब उद्धव ठाकरे महाविकास अघाड़ी सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। बगावत के अगुआ एकनाथ शिंदे उस सरकार में मंत्री थे। उत्तर प्रदेश में भी विपक्षी खेमे में सेंधमारी की अटकलें हैं। इशारा जयंत चौधरी की ओर है। ध्यान रहे कि जयंत 23 जून की पटना बैठक में शामिल नहीं हुए थे, पर उसका कारण उनका विदेश में होना बताया गया। ये अटकलें सही साबित होंगी या गलत, यह समय ही बताएगा, लेकिन स्पष्ट है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी की भाजपा को चुनौती देने के लिए एकता की कवायद में जुटे विपक्ष के समक्ष अब बिखराव से बचना बड़ी चुनौती बन गई है। सत्ता केंद्रित राजनीति में नेताओं की निष्ठा और विश्वसनीयता संभवतः सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुकी है। इसलिए अब दलबदल चौंकाता नहीं, फिर भी शिवसेना और राकांपा सरीखे दलों में विभाजन की उम्मीद शायद ही किसी को रही हो। कारण भी स्पष्ट है। बाल ठाकरे द्वारा बनाई गई शिवसेना व्यक्ति केंद्रित ऐसा दल रही है, जिसमें नेतृत्व या उसके परिवार के प्रति निष्ठा सबसे अहम कसौटी मानी जाती है। इसीलिए वोट उन्हीं के नाम पर मिलते रहे हैं। सोनिया गांधी के विदेशी मूल का मुद्दा उठाते हुए 1999 में शरद पवार द्वारा गठित राकांपा भी व्यक्ति और परिवार केंद्रित दल रही है। शरद पवार ने अपनी बेटी सुप्रिया सुले को राजनीतिक उत्तराधिकार के लिए पिछले कुछ साल से आगे बढ़ाना शुरू किया, पर उससे पहले भतीजे अजीत पवार को भी परिवारवाद के सोच से ही आगे किया। उन्हीं अजीत पवार ने सुप्रिया को आगे बढ़ता देख पार्टी में ही दोफाड़ कर भाजपा से हाथ मिला लिया और उप मुख्यमंत्री बन गए। ऐसे ही कभी बाल ठाकरे द्वारा बेटे उद्धव को राजनीतिक उत्तराधिकारी बनाए जाने पर भतीजे राज ठाकरे ने शिवसेना से बगावत की थी। यह सही है कि व्यक्ति केंद्रित क्षेत्रीय दल मुख्यतः नेता और उसके परिवार की लोकप्रियता या करिश्मे पर निर्भर रहते हैं, लेकिन इस सच को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि उद्धव, बाल ठाकरे नहीं हैं। बाल ठाकरे भाजपा के साथ गठबंधन सरकारों में शिवसेना के दूसरे निष्ठावान नेताओं को मुख्यमंत्री बनाते रहे, पर स्वयं कभी सत्ता का हिस्सा नहीं बने। उद्धव का भाजपा से अलगाव ही मुख्यमंत्री पद को लेकर हुआ और इसके लिए उन्होंने उस कांग्रेस से भी हाथ मिला लिया, जिसके विरोध में बाल ठाकरे ने कभी शिवसेना बनाई थी। शरद पवार निश्चय ही महाराष्ट्र के सबसे कद्दावर मराठा नेता हैं। वह देश के सबसे अनुभवी नेताओं में भी गिने जाते हैं, लेकिन अर्से से राज्य में राकांपा की राजनीति चलाते रहे भतीजे की संगठन पर पकड़ और सत्ता में दखल के मद्देनजर चाचा 83 साल की उम्र में अपना राजनीतिक दमखम साबित करने की चुनौती से जूझ रहे हैं। शिवसेना के शिंदे और उद्धव गुटों की तरह राकांपा के अजीत और शरद पवार गुटों में भी कानूनी और राजनीतिक वर्चस्व की जंग लंबी चलने वाली है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे को सहानुभूति की आस है, पर महाराष्ट्र में इस बिखराव से और बिहार में महागठबंधन में अलगाव से विपक्षी एकता की कवायद का आत्मविश्वास निश्चय ही गड़बड़ाएगा। भाजपा ने सवाल पूछना भी शुरू कर दिया है कि जो अपना दल नहीं संभाल पा रहे, वे विपक्षी एकता और देश क्या संभालेंगे? एकता के बीच बिखराव के अलावा भी विपक्ष के लिए घटनाक्रम सकारात्मक नहीं है। पटना बैठक के बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में दूरियां बढ़ती दिखीं। हालांकि अब आप ने बेंगलुरु बैठक में शामिल होने की हामी भर दी है, लेकिन कहना कठिन है कि उसे राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का नेतृत्व स्वीकार होगा। कांग्रेस से तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की दूरियां किसी से छिपी नहीं हैं। खम्मम में बड़ी रैली करने वाले राहुल गांधी ने उन पर जैसे तीखे प्रहार किए, उसके बाद उन्हें विपक्षी एकता के लिए तैयार कर पाना लगभग नामुमकिन हो जाएगा। कांग्रेसी नेता ऐसे ही तेवर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के प्रति दिखा रहे हैं। अधीर रंजन चौधरी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कटाक्ष का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। सभी गैर भाजपाई दलों को एक मंच पर लाने की कवायद के बीच एकता के पैरोकार दलों में ही बिखराव तब और भी बड़ी चुनौती है, जब भाजपा ने भी राजग के रजत जयंती वर्ष में नए-पुराने राजनीतिक मित्रों को 18 जुलाई की बैठक का न्योता भेज दिया है। शिरोमणि अकाली दल ने बसपा से गठबंधन बरकरार रखने की बात कहते हुए भाजपा को नकारात्मक संकेत दिया है, पर राजनीति में न-न कहते हुए भी इकरार कर लेने के उदाहरण कम नहीं। जब सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों ही कुनबा बढ़ाने में जुट गए हैं, तब 2024 की चुनावी जंग का नतीजा इस पर निर्भर करेगा कि राजनीतिक रण-क्षेत्र में किसके पाले में कौन-कौन खड़ा होगा।

# Social Media Corner

सच के हक में...



उत्तर भारत में, भारी बारिश और बाढ़ की त्रासदी के कारण हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और अन्य राज्यों में हजारों परिवार तबाह हो गए हैं। हिमाचल में विशेष कर जीवन और सम्पत्ति का बहुत नुकसान हुआ है। सभी से मेरा निवेदन है, ऐसे कठिन समय में राज्य सरकारों के पुनर्निर्माण कार्यों में मदद करते हुए, मुख्यमंत्री राहत कोष में हर संभव आर्थिक योगदान दें। आइए, मिलकर टूटे घरों और ज़िंदगियों को जोड़ें, भारत जोड़ें!

**(राहुल गांधी के ट्विटर अकाउंट से)**



गिरिडीह, गावां मंडल और मालदा मंडल की टिफिन बैठक के दौरान एक कार्यकर्ता साथी ने मकई का पौधा देकर स्वागत किया। मोटा अनाज हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभप्रद होता है। यह बहुत सार्थक पहल है। मैंने अपने कार्यकर्ता साथी को इस अनूठी पहल के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। बैठक में कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने तथा जनता के मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**



जमशेदपुर हाइब्रिड राजनीतिक भ्रष्टाचार का केन्द्र बनते जा रहा है। आप हमारी पीठ सहला दें और मैं आपकी की फलसफा पर भ्रष्टाचार के अखाड़े में पक्ष-विपक्ष के बीच की नूरा कुश्ती परवान चढ़ रही है। उद्योग-व्यवसाय क्षेत्र के चुनिन्दा चेहरे इसे आधार दे रहे हैं, शेष इसका शिकार बन रहे हैं।

**(सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**

# मुकदमों का अंबार, न्याय के मंदिरों की समस्या अपार

न्याय शब्द आशा और उम्मीद का प्रतीक है। जब किसी को लगता है कि उसकी बात अच्छी तरह सुनी जाएगी तथा उसे अपनी बात कहने का पूरा अवसर मिलेगा, तो वह न्याय है। न्याय शब्द एक नई रोशनी लेकर आता है। व्यक्ति के मन में एक उम्मीद जगाता है कि उसकी बात को पूरी तरह सुनकर ही निर्णय किया जाएगा। न्याय एक बहुत ही सम्मानित वह संतुष्टि प्रदान करने वाला शब्द है। आज भी जब दो व्यक्तियों के बीच में झगड़ा होता है तो दोनों एक दूसरे से कहते हैं कोर्ट में आ जाना फैसला हो जाएगा। यह लोगों की न्याय के प्रति आस्था का एक जीता जागता उदाहरण है। न्याय पाना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार होता है। कोई भी सरकार या व्यवस्था तभी सफल मानी जाती है, जिसमें हर व्यक्ति को निष्पक्ष रूप से न्याय मिल सकें। हमारे देश में तो सदियों से न्यायिक प्रणाली बहुत मजबूत रही है। रजवाड़ों के जमाने की न्याय प्रक्रिया के उदाहरण हम आज भी देते हैं। भारत के महान सम्राट राजा विक्रमादित्य की न्याय प्रणाली की आज भी हर जगह चर्चा और सराहना होती है। हमारा देश जब स्वतंत्र हुआ तो संविधान के निमार्ताओं ने न्यायपालिका को कार्यपालिका और विधायिका से अलग रखा। न्याय के लिए सशक्त कानून बनाए गए। देश के लोगों को सही व निष्पक्ष न्याय मिल सके इसके लिए लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक की स्थापना की गई । देश में न्यायपालिका की स्वतंत्रता का उदाहरण इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते आया फैसला है। उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पद के अयोग्य ठहरा दिया था। इससे अधिक न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मजबूती कहां देखने को मिल सकती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून के शासन के तहत अदालतों को न्याय एवं अन्याय में फर्क करने का अधिकार हासिल है। सही क्या है तथा गलत क्या है यह अदालत विधान की पुस्तकों के आधार पर तय करती हैं। आज लम्बित मामलों की संख्या को देखकर कहा जा सकता है, इंसाफ चाहने वाले पीड़ित लोगों की संख्या दिन-ब- दिन बढ़ती जा रही हैं। देश की विधायी व्यवस्था में न्याय की शीर्षस्थ संस्था न्यायालय हैं। हर साल दुनिया भर के लोग 17 जुलाई को इस दिवस को मनाते हैं। यह दुनिया में आधुनिक न्यायालय प्रणालियों की स्थापना का भी स्मरण कराता है। यह दिन मौलिक मानवाधिकारों की वकालत और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। 17 जुलाई 1998 को 120 से अधिक देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के लिए रोम संविधि नामक एक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए थे। यह न्यायालय सबसे गंभीर अंतरराष्ट्रीय अपराधों वाले व्यक्तियों का विश्लेषण करता है और उन पर आरोप लगाता है। इनमें नस्लीय हत्या, युद्ध अपराध, मानवता के अपराध और आक्रामकता के अपराध शामिल हो सकते हैं। बहुत से लोगों से अक्सर यह सवाल सुनने को मिलता है कि न्याय कहां मिलता हैं। इस प्रश्न का होना भी यह बताता है कि आज भी आम आदमी को आसानी से न्याय नहीं मिल पा रहा हैं। न्याय के बारे में एक पुरानी अंग्रेजी कहावत है कि न्याय में देरी करना न्याय को नकारना है और न्याय में जल्दबाजी करना न्याय को दफनाना है। यदि इस कहावत को हम भारतीय न्याय व्यवस्था के परिपेक्ष्य में देखें तो पाएंगे कि इसका पहला भाग पूर्णतः सत्य प्रतीत होता है। सीमित संख्या में हमारे जज और मजिस्ट्रेट मुकदमों के बोझ तले दबे प्रतीत होते हैं। एक मामूली विवाद कई सालों तक चलता है तथा पीड़ित को दशकों तक न्याय का इंतजार करना पड़ता है। यही वजह है कि लोगों में न्याय के प्रति गहरे असंतोष के भाव हैं। बावजूद इसके आज भी न्यायपालिका परेशान लोगों के लिए सांत्वना का माध्यम है। निराश लोगों के लिए आशा की किरण है। गलत काम करने वाले लोगों के लिए भय का कारण है।

# I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



शिक्षण संस्थानों में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन पदाधिकारी इनदिनों चर्चा के घेरे में हैं। छात्रों की ओर से इनपर कई तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। वहीं, कुछ को पद से हटाने के लिए भी छात्र आंदोलनरत हैं। एक मामला योगदा सत्संग कालेज धुर्वा से जुड़ा है। यहां के प्राचार्य को पद से हटाने के लिए छात्र संगठन की ओर से आंदोलन किया जा रहा है। सोमवार को कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की ओर से रांची विश्वविद्यालय में धरना-प्रदर्शन किया गया। डीएसडब्ल्यू के साथ नोकझोंक भी हुई। छात्र संगठन के प्रतिनिधियों का कहना था कि प्राचार्य को जेपीएससी की ओर से अयोग्य घोषित किया जा चुका है। इसके बावजूद वे अपने पद पर बने हुए हैं। ऐसी स्थिति तब है जब रांची विश्वविद्यालय की ओर से योगदा कालेज के सचिव को विगत 11 जुलाई को ही निर्देशित किया जा चुका है कि प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। अब छात्र संगठन की ओर से इस मामले को लेकर रांची विश्वविद्यालय की तालाबंदी की तैयारी की जा रही है। दूसरा मामला डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से जुड़ा है। इस विश्वविद्यालय के सीए आइटी विभाग के को-आर्डिनेटर का कार्यकाल पूरा हो चुका है। नए को-ऑर्डिनेटर की नियुक्ति नहीं की जा रही है। सोमवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने विश्वविद्यालय की कुलसचिव नमिता सिंह एवं छात्र संकाय अध्यक्ष डा. मो. अब्बास से मिल कर मांगपत्र सौंपा। इनमें प्रमुख मांग थी कि सीएआइटी विभाग के को-ऑर्डिनेटर को हटाकर अविलंब नए को-आर्डिनेटर को नियुक्त किया जाए। इस तरह के मामले शिक्षण संस्थानों के लिए ठीक नहीं हैं।

**हकीम अंसारी, पूर्व जीप सदस्य, कार्यकारी जिला अध्यक्ष आजसू।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

### हनुमान वाटिका शिव मंदिर में भक्तों ने किया जलाभिषेक



**ROURKELA :** राउरकेला के हनुमान वाटिका मंदिर में श्रद्धालुओं ने सावन को लेकर दूसरे सोमवार को शिव मंदिर परिसर में जलार्पण किया। भारी संख्या में लोगो ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस मौके पर घोघर धाम से आए कावरियों ने भी शिव भगवान का जलाभिषेक किया। झारखंड, छत्तीसगढ़ के साथ ही ओड़िशा के श्रद्धालु पहुंचे थे। हनुमान वाटिका परिसर में भक्तों की हुजूम दिखा। वहीं राउरकेला के तारकेरा धोलेश्वर मंदिर, घोघर धाम व अन्य शिव मंदिरों में भक्तों की पूजा अर्चना करने उमड़े थे।

### सुंदरगढ़ जिला बीजेडी का हुआ पुनर्गठन, 8 उपाध्यक्ष हुए नियुक्त

**ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिला बीजेडी का पुनर्गठन सोमवार को हुआ। बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक ने 8 उपाध्यक्षों की नियुक्ति की। 16 लोगों को साधारण संपादक और 35 लोगों को संपादक नियुक्त किया गया है। एक को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सलाहकार समिति में 19 सदस्य को शामिल किए है। जानकारी के मुताबिक, 8 उपाध्यक्षों में बसंत टोप्पो, विक्रम टोप्पो, जन्मेजय मोहंती, गोपबंधु मोहंती, जीतेंद्र कर, बेनुधर टांडिया, जयनारायण त्रिपाठी, हारुन रशीद शामिल हैं। इसी तरह, 16 सामान्य संपादकों में राजू मोहंती, रोशन बराल, असरफ अहमद, प्रसन्ना बाग, दामोदर मल्लिक, रजनी कुल्लू, रामएम कुजूर, सीताकांत पटेल, उपेंद्र भोई, समरेंद्र सिंह, बसंत शेखर देव, जतिया मुंडा, स्वराज पटेल, सुरेंद्र संड्रिया शामिल हैं। अरुण दीक्षित,जयंती टोप्पो, अक्षय कुमार नायक कोषाध्यक्ष बनाए गए।

### निर्माण श्रमिकों के बीच सहायता वितरण शिविर में 102 लाभुकों को मिला लाभ



**ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिले के बिसरा ब्लॉक कार्यालय में निर्माण श्रमिक सहायता वितरण शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान अतिथि के रूप में श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक, ग्रामीण विकास और कौशल विकास मंत्री प्रीति रंजन गड़ाई, शंकर ओराम उपस्थित थे। इस दौरान सुंदरगढ़ जिले के सभी ट्रेड यूनियन और 400 निर्माण श्रमिक शामिल हुए। इस दौरान 102 लोगो को अलग अलग योजनाओं की 60,86,800 रुपए का वितरण किया गया।

### छात्र बीजद के रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, 101 यूनिट रक्त जमा



**ROURKELA :** छात्र बीजेडी के तत्वावधान में सोमवार को युवा बीजद अध्यक्ष सुशांत राउत के जन्मदिन के अवसर पर राउरकेला सरकारी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राउरकेला विधायक एवं श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक ने शिविर का उद्घाटन किया। अवसर पर अस्पताल परिसर में पौधे रोपे गए। केक काट कर राउरकेला युवा बीजद अध्यक्ष सुशांत राउत के जन्मदिन मनाया गया। शिविर में 101 यूनिट रक्त संग्रह किया। इस इस अवसर पर मंत्री प्रीतीरंज गड़ाई, नगर अध्यक्ष गगन पांडा, सुभाष, काबुली प्रतिहारी, विकास शुक्ला, पप्पू जयसवाल, माइनॉरिटी सेल के अध्यक्ष मोहम्मद खालिद, अजीज अफरोज, अहमद नियाजुल हसन, एमडी आजाद, छात्र बीजद के डी. राउत, अवीक कुमार, महिला बीजद के ज्योत्सना नायक, लक्ष्मी सिंह और सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# KUNKUVA नदी में मिला जयपाल तिरिया का शव, दो दिन से था लापता

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** जगन्नाथपुर थाना अंतर्गत मानिकपुर गांव के पास मानिकपुर कंकुआ नदी में सोमवार को एक व्यक्ति का शव मिला। स्थानीय थाने की पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर स्थानीय गोता खोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव की पहचान जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के कलैया पंचायत के केंदुवा निवासी जयपाल तिरिया 37 वर्ष के रूप में हुई। घटना की मृतक के परिजनों को दी गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए चाईबासा भेज दिया।



शव मिलने के बाद कुंकुवा नदी के पास पहुंची पुलिस व जुटे ग्रामीण। • फोटोन न्यूज

बताया गया कि सोमवार अहले सुबह मानिकपुर के कुछ ग्रामीण स्नान करने कोंकुआ नाला पहुंचे तो देखा एक व्यक्ति का शव नाले में तैर रहा है। ग्रामीणों ने इसकी खबर ग्रामीण मुंडा को दी। मुंडा ने जगन्नाथपुर थाने को सूचित किया।

जानकारी के अनुसार जगन्नाथपुर थाना अंतर्गत कलैया पंचायत के केंदुआ गांव टोला ईचाबुरु गांव निवासी जयपाल तिरिया शनिवार की शाम से लापता था। परिजनों ने दो दिन तक खोजबीन की कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने बताया कि शनिवार की साप्ताहिक हाट जैंतगढ़ चना झालमुड़ी बेचने गया था। मानिकपुर गांव के ग्रामीणों ने उस दिन एक टीवीएस मोपेड पुल के ऊपर गिरा पड़ा देखा था। पुलिस को भी इस संबंध में जानकारी दी गयी थी। शनिवार को सुबह 9 बजे से शाम तक मूसलाधार बारिश भी हो रही थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि वापस घर आने के क्रम में मानिकपुर कांकुआ नदी में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई होगी और वहां पुल की ऊंचाइयों से नदी में गिर गया होगा। जिससे पुल की ऊंचाइयों से चोटिल होने की वजह एवं पानी में डूब जाने से मौत हो गई होगी।

जगन्नाथपुर थाना प्रभारी राकेश रंजन सिंह अपने पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। इचाबुरू मुंडा हरि चरण तिरिया ने नदी से शव की पहचान की। परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच कर पहचान की। पानी में बहकर लाश मानीकपुर कांकुवा पुल से करीब 300 मीटर दूर पर मिला। मनिकपुर मुंडा दिलीप प्रधान एवं इचाबुरु मुंडा हरि चरण तिरिया की उपस्थिति में नदी से लाश को उठाया गया। थाना प्रभारी राकेश रंजन सिंह ने कहा कि पुल की ऊंचाइयों से गिरने पानी में डूब जाने से मौत हुई होगी। हालांकि मौत का कारण पोस्टमार्टम करने पर ही कुछ पता चल पाएगा। पुलिस घटना की हर एंगल से पड़ताल कर रही है।

मौके पर जगन्नाथपुर थाना प्रभारी राकेश रंजन सिंह, एसआई अजय सिंह, ग्रामीण मुंडा दिलीप प्रधान, इचाबुरू मुंडा हरि चरण तिरिया सहित परिजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### 'कृष्णम' का छठवां चक्रधारी नृत्य महोत्सव-2023 का समापन

# कलाकारों ने प्रस्तुत किए एकल एवं समूह नृत्य, मंत्रमुग्ध हुए उपस्थित दर्शक

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला में मंगलवार को 'कृष्णम' का छठवां चक्रधारी नृत्य महोत्सव-2023 का समापन समारोह म्यूजिकल सर्किल के मेहर भवन परिसर में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि अभय कुमार दास, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी लक्ष्मण नाथ दास और भुवनेश्वर संगीत महाविद्यालय के प्रोफेसर मनोरंजन प्रधान ने दीप जलाकर किया।

अतिथियों ने कहा कि शास्त्रीय नृत्य भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। इसका महत्व हमारे पौराणिक ग्रंथों में गंधर्व विद्या के रूप में वर्णित है। मनुष्य के चार तत्वों, अर्थात शरीर, आत्मा, मन और आत्मा में से, आत्मा के पोषण के लिए संगीत और नृत्य का महत्व निर्विवाद है। अतिथियों ने छह वर्षों तक गुरु श्वेतांशु शेखर षाड़ंगी और गुरु ज्याताश्री षाड़ंगी के प्रत्यक्ष निर्देशन में शास्त्रीय नृत्य के प्रचार-प्रसार में कृष्णम संस्थान को बधाई दी और संस्थान की



समूह नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। • फोटोन न्यूज

निरंतर सफलता की कामना की।

इस अवसर पर गुरु शंकरन प्रधान को मानस्याल एवं निमंत्रण देकर छठे चक्रधारी सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया। केंद्र और राज्य सरकार के संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव के पहले दिन प्रद्यलता साहू, पृशिता स्मिता भाव, कलाधूम और त्रिशा ग्रुप ने नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि दूसरे दिन रितका राय, नृत्य शांति और नृत्य प्रस्तुत किया गया। मिरिशम ग्रुप और उद जपोनी की शाम में मोनालिसा कुमार, स्वराज परिदा, म्यूजिक सर्कल और डांस। शैली के कलाकारों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। अनिल मल्लिक के समन्वय में, सभी संस्थानों के कलाकारों ने एकल और समूह दोनों नृत्य प्रस्तुत किए और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन सभी कार्यक्रमों में गुरु विवेकानन्द पांडा, गुरु बाबाजी चरण वशाल, विभूति पति, उमाकांत बिशोई, जयंत महापात्रा और सतासी मल्लिक का मुख्य योगदान रहा जबकि सैकड़ों दर्शकों ने इन सभी गतिविधियों का आनंद उठाया। गुरु ज्योत षाड़ंगी ने सभी को धन्यवाद दिया।

# लोगों को मिल सकता है झूला पुल, सर्वे हुआ पुरा

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर के वेदव्यास ब्राहमणी नदी पर प्रस्तावित झूला पुल के निर्माण के लिए तीन दिवसीय सर्वेक्षण कार्य सोमवार को पूरा हो गया है। राज्य सरकार के आदेश पर सर्वे हुआ है। इससे पहले, केंद्रीय जनजातीय विकास मंत्रालय ने परियोजना के लिए राशि स्वीकृत की थी, लेकिन काम नहीं होने से अनुदान लौटा दिया गया। लंबे समय बाद सर्वे का काम शुरू होने से स्थानीय निवासियों में उम्मीद जगी है।

ब्रिज कंसलटेंट इंजीनियर अशोक कुमार बासा को सर्वे कार्य व प्रोजेक्ट रिपोर्ट की देखरेख की



सर्वे कार्य पूर्ण होने के बाद प्रसन्न मुद्रा में ग्रामीण। • फोटोन न्यूज

जिम्मेदारी दी गई है। राउरकेला पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मनोज कुमार महानंद, सहायक कार्यकारी अभियंता भागीरथी साहू, सहायक अभियंता प्रमोद कुमार महापात्र ने सर्वेक्षण किया है। राउरकेला एडीएम डॉ. एस महापात्र के आदेश पर अग्निशमन विभाग के अधिकारी कृति वास साहू के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम ने सहयोग किया।

वेदव्यास पीठ विकास मंच के संयोजक बद्री नारायण पाढ़ी, संयुक्त संयोजक विभूति भूषण दास, हृषिकेश अभियार सिंह, केदारनाथ पाढ़ी, नरेंद्र कुमार दास, विजयानंद अग्रवाल, लक्ष्मीधर मणि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

मालूम हो कि राज्य सरकार के आदेश पर 18 मई को भुवनेश्वर से विश्व बैंक परियोजना के प्रमुख दुर्गा प्रसन्न मिश्रा ने पानपोष स्थित हडपोकाघाट और आसपास के क्षेत्र का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि प्रोजेक्ट पर तुरंत काम शुरू हो जाएगा। ब्रिज कंसलटेंट इंजीनियर अशोक कुमार बासा ने भी भरोसा दिलाया था। पूर्व में वेदव्यास विकास मंच झूला पुल के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री, पर्यटन मंत्री को ज्ञापन दे चुका है।

# ओड़िशा में भारी बारिश का अलर्ट 17 जिलों को किया गया सचेत

**PHOTON NEWS ROURKELA :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय केंद्र ने सोमवार को बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव के तहत ओडिशा के कई जिलों में आज भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। चक्रवाती फैलाव के कारण मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। 18 जुलाई से पूरे ओडिशा में वर्षा और तेज हो जाएगी।

निम्न दबाव क्षेत्र के कारण जुलाई को सुंदरगढ़, क्योंझर, झारसुगुड़ा, संबलपुर, नुआपाड़ा, कंधमाल, बोलांगीर, सोनपुर, देवगढ़, नबरंगपुर, कोरापुट, मलकानगिरी, कालाहांडी और



बारिश के कारण सुनसान पड़ी सड़कें। • फोटोन न्यूज

बारगढ़ जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके अलावा, सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, संबलपुर, नुआपाड़ा, बोलांगीर, सोनपुर, बरगढ़, नबरंगपुर, कालाहांडी, कोरापुट, मल्कानगिरी जिलों में अधिकांश स्थानों पर और शेष जिलों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

### आदिवासी सेंगेल अभियान ने किया सीएम का पुतला दहन, कहा-

# धोखेबाजी व वादाखिलाफी कर रही सरकार

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से सोमवार को पोस्ट आफिस चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इस दौरान आदिवासी सेंगेल अभियान के लोग हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा गया कि हेमंत सरकार सभी मामलों पर धोखेबाजी और वादाखिलाफी कर रहा है। भारत सरकार के स्वीकृत के बावजूद संथाली को प्रथम राजभाषा का दर्जा नहीं देता है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ओलचिकी में हूल संदेश देता है तो शिबू सोरेन बंगला और उर्दू की वकालत करते हैं।

इन्होंने मरंगबुरू जैनों को बेच दिया। आदिवासी समाज को बचाने के लिए सोरेन खानदान और उसके दलालों को उखाड़ फेंकना जरूरी हो गया है। आदिवासी सेंगेल अभियान ने पुतला दहन के माध्यम से हेमंत सरकार से कई सवालों का जवाब मांगा है।

पूछा गया कि अब तक अनुच्छेद 343 के तहत संताली भाषा को झारखंड की प्रथम




सीएम का पुतला दहन करते आदिवासी सेंगेल अभियान के लोग। • फोटोन न्यूज

राजभाषा का दर्जा क्यों नहीं दिया। पश्चिम सिंहभूम हो बहुल क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय से लेकर हो भाषा कि पढ़ाई क्यों शुरू नहीं किया गया तथा हो बहुल क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों में अभी तक कामकाज हो भाषा से शुरू क्यों नहीं किया गया।

यह भी पूछा गया कि क्यों सरना धर्म कोड जगह सरना आदिवासी धर्म कोड बिल पास कर बिना राजपाल के हस्ताक्षर किए दिल्ली भेजका जनता को ठगा। क्यों कुर्मी महतो को आदिवासी बनाने का अनुशंसा किया। यह भी कहा गया कि जब स्थानीयता लागू नहीं कर सकता है तो प्रखंडवार नियोजन नीति क्यों लागू नहीं करता। जबकि हेमंत सरकार आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में जनतंत्रिक और संवैधानिक सुधार की पहल करने की वजह परंपरा के नाम से नशापान, अंधविश्वास, डायन प्रथा, महिला विरोधी मानसिकता, वोट को हंडिया दारू चखना रुपयों में खरीद बिक्री आदि को बढ़ावा देता है।

मौके पर आदिवासी सेंगेल अभियान के प्रमंडलीय संयोजक सुबेदार बिरुवा, सह संयोजक महती पुरती, जिलाध्यक्ष चरण चातार, जिला पश्चिम सिंहभूम सेंगेल मानकी प्रताप बिरुवा, मंगल सिंह पुरती, राजेश कुंटिया, मनमोहन खनडाईबुरु समेत अन्य शामिल थे।

# महिलाओं के सम्मान में नोवामुंडी में खुला गरिमा केंद्र, विधायक ने किया उद्घाटन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** नोवामुंडी प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को नवनिर्मित गरिमा केंद्र का उदघाटन किया गया। बताया गया कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न सुदूर जंगलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फैले डायन कुप्रथा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरुक करने एवं पीड़ितों को सुरक्षा प्रदान किए जाने को लेकर गरिमा केंद्र खोला गया है।

विधायक सोनाराम सिंकू ने विधिवत फीता काट कर इसका उदघाटन किया। गरिमा केंद्र के उदघाटन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज समाज के सभी वर्ग उच्च शिक्षा ग्रहण कर विकास के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ चुका है। उस परिस्थितियों में भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों और जंगल के बीच बसे गांवों में आज भी डायन जैसी रूढ़िवादी प्रथा कायम है। नोवामुंडी के लिए सौभाग्य की बात है कि डायन कुप्रथा जैसी रूढ़िवादी प्रथा से पीड़ित महिलाओं




उद्घाटन के मौके पर अभिभाषण देते अतिथि व उपस्थित अन्य। • फोटोन न्यूज

के सुरक्षा एवं सम्मान के लिए नोवामुंडी में गरिमा केंद्र जैसी संस्था की स्थापना की गई है। यदि पूर्व में गरिमा केंद्र की स्थापना हो गई होती तो आज कितने मासूम निरीह मां बहनों को जान बच जाती। आज वे इस सभ्य समाज में सम्मान पूर्वक जीवन गुजार रही होती।

एक समय ऐसी भी घटनाएं घटित हो चुकी है जब एक ओझा गुनी के कहने मात्र से ही एक महिला ही नही अपितु उनके पूरे परिवार की नृशंस हत्या कर दी जाती थी। संसार में भूत प्रेत डायन बिसाही नाम की कोई अस्तित्व नही है। इसके बावजूद ओझा गुनी द्वारा पूजा पाठ के नाम पर भोले भाले ग्रामीणों से एक मोटी रकम, मुर्गा एवं बकरों के अलावे पूजन सामग्री के नाम पर मोटी रकम हड़प कर किसी विधवा या कमजोर परिवार की महिला को डायन करार देकर निर्मम हत्या कर दी जाती है।

उन्होंने बीमार होने पर ओझा के बजाय किसी चिकित्सक से इलाज करवाने की सलाह दी। बीडीओ अनुज कुमार ने जेएसएलपीएस के पदाधिकारियों, सहियाओं एवं उपस्थित लोगों से कहा कि आप सबों के सहयोग से पीड़ितों को अधिकार एवं सम्मान दिलाया जायगा। उन्हें शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार से जोड़ कर पीड़ित महिलाओं को भी समाज के अन्य वर्गों की तरह राष्ट्र के मुख्य धारा में लाया जायगा।

सीओ सुनील चन्द्रा ने कहा कि डायन कुप्रथा समाप्त करने की दिशा में सहिया आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं की अहम भूमिका है। वे अपने स्तर पर गांव गांव में लोगों को जागरूक करने का काम करें। कार्यक्रम को प्रखंड प्रमुख पूनम गिलुवा, मानकी सुरेन्द्र चातोंबा, मानकी निरंजन बोबोंगा, 20 सूत्री अध्यक्ष मंजीत प्रधान, मनोज लागुरी आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश हेस्सा, शशिकांत देवगम, हरीश सामड, राजकिशन हेम्ब्रम, द्रौपदी सामड, पुनिता बारजो, हरप्रीत सिंह, दानिश हुसैन, मामूर अंसारी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

### समाहरणालय सभागार में जिला टीबी फोरम की हुई बैठक

# TB के संदेहास्पद मरीजों को खोज कर उनका बलगम जांच सुनिश्चित करें कार्यकर्ता : DDC

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपविकास आयुक्त संदीप बख्शी की अध्यक्षता में जिला टीबी फॉरम की बैठक हुई। इसमें सर्वप्रथम जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने विगत द्वितीय त्रैमासिक माह अप्रैल से जून में जिला में टीबी उन्मूलन के लिए चलाए गए अभियान के तहत किए गए कार्यों तथा टीबी संदेहास्पद मरीजों की खोज कर उनका बलगम जांच करवाने, उन्हें उपचार उपलब्ध कराने, बचाव एवं टीवी मुक्त जिला के लिए तैयार कार्य योजना की रूपरेखा के बारे में विस्तार से फोरम को अवगत कराया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने अभियान संचालन को लेकर



कार्यकर्ताओं संग बैठक करते डीडीसी। • फोटोन न्यूज

कई दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के तहत पंचायत वार टीबी संदेहास्पद मरीजों के लक्ष्य का निर्धारण करते हुए उपलब्धियों की मासिक समीक्षा व आगामी मिशन इंद्रधनुष राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता के द्वारा घर-घर जाकर बच्चों का टीकाकरण के समय टीबी संदेहास्पद मरीजों की खोज कर उनका बलगम जांच सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारियों की अध्यक्षता में प्रखंड वार मुखिया मानकी व अन्य पंचायत जनप्रतिनिधियों को टीवी उपचार बचाव एवं उन्मूलन से संबंधित जन जागरूकता के लिए बैठक का आयोजन कराएं।

बैठक में उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष ने जिला के सभी पंचायत प्रतिनिधियों को टीबी मुक्त पंचायत के लिए पंचायतवार कार्यशाला एवं अभियान से संबंधित जन जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन को प्राथमिकता दी जाए। वहीं सिविल सर्जन ने टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत टीबी संदेहास्पद मरीजों का निःशुल्क बलगम जांच एवं टीबी पाए जाने पर 6 माह या चिकित्सक अनुसार अवधि विस्तार किए जाने पर पूर्ण उपचार अवधि तक निःशुल्क प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सीधे देखरेख में दवा के सेवन की व्यवस्था, पूर्ण उपचार अवधि तक निक्षय पोषण योजना के तहत डीवीटी के माध्यम से टीवी मरीजों के बैंक खाते में प्रतिमाह 500 रूपए भुगतान आदि से संबंधित जानकारी दी।

बैठक में सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल, सहायक समाहर्ता श्रुति राजलक्ष्मी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सदर सहित पिरामल स्वास्थ्य संगठन, अक्षय प्लस परियोजना, टाटा स्टील फाउंडेशन, हंस फाउंडेशन, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, जिला केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन, आईएमए के जिला शाखा, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, एकजुट संस्था आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए कार्यशाला आयोजित



कार्यशाला में उपस्थित पलिस अधिकारी। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** सड़क दुर्घटना मामलों के तुरंत समाधान के लिए दो नए एप पर प्रशिक्षण कार्यशाला राउरकेला के उदितनगर स्थित समन्वित जनजातीय विकास संगठन सभा भवन में सोमवार आयोजित की गई है। जेपी रिसोर्सेज इंडिया लिमिटेड के बिजनेस डायरेक्टर रविशंकर रमन मास्टर ट्रेनर के रूप में शामिल हुए।

इस दौरान दोनो एप के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के बारे में जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटना, वाहन लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, दुर्घटना तिथि, समय, स्थान, दुर्घटना स्थल का मानचित्र और कैमरे के जरिए दुर्घटना निवारण, सड़क परिवहन और राजमार्ग में सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को दुर्घटना जांच में इन 2 एप के उपयोग पर प्रशिक्षित किया गया।

साथ ही दुर्घटना बीमा मामले को तुरंत कैसे निपटाया जाए इस पर भी चर्चा की गई। कहा गया कि इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, आकस्मिक क्षति और बीमा के प्रावधान में आसानी होगी। विशेष रूप से पुलिस जांच में सहायता मिलेगी।

प्रशिक्षण शिविर में आरटीओ राउरकेला बीबी जेना, अतिरिक्त आरटीओ सुंदरगढ़ परशुराम साहू, इस्पेक्टर रश्मिता पटेल, धोनेश रंजन नायक, जिला प्रबंधक एन पाणिग्राही समेत 21 पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

THE PHOTON NEWS
08 www.thephotonnews.com
Tuesday, 18 July 2023

# 2023 में इन सेलेब्स ने अपने ओटीटी डेब्यू से मचाया धमाल

ओटीटी प्लेटफार्मों की दुनिया लगातार बढ़ रही है, और 2023 में विभिन्न उद्योगों में लोकप्रिय अभिनेताओं की कुछ रोमांचक शुरुआत देखी गई है। इन डेब्यूज़ ने न केवल दर्शकों का ध्यान खींचा है बल्कि एक स्थायी प्रभाव भी छोड़ा है। इन प्रभावशाली ओटीटी डेब्यू ने न केवल इन प्रतिभाशाली अभिनेताओं के क्षितिज का बढ़ाया है, बल्कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कॉन्टेंट को भी समृद्ध किया है। जैसे-जैसे स्ट्रीमिंग की दुनिया विकसित हो रही है, इनकी परफॉर्मेंस दुनिया भर में असाधारण प्रतिभा दिखाने और दर्शकों को लुभाने में ह्रञ्ञ प्लेटफार्मों की शक्ति के प्रमाण के रूप में काम करते हैं। यहां 2023 की पहली छमाही में सबसे प्रभावशाली ओटीटी डेब्यू की सूची दी गई है-



### शाहिद कपूर - फर्जी

फ़र्ज़ी में शाहद कपूर ने नकली पैसा बनाने वाले एक चालाक ठग सनी के रूप में शानदार प्रदर्शन किया। इस शो को उनके करियर की ऐतिहासिक प्रोजेक्ट्स में से एक माना जाता है। पहले से ही बड़े पर्दे पर एक बड़ा नाम है, फर्जी से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उनका पहला प्रोजेक्ट था।



### भुवन बम - ताज़ा खबर

देश में सबसे ज़्यादा पसंद किए जाने वाले कॉन्टेंट क्रिएटर भुवन बाम ताज़ा खबर के ज़रिए ह्रञ्ञ दुनिया में कदम रखते हैं। जादुई कॉमेडी थ्रिलर सिरीज़ में भुवन के प्रदर्शन की सराहना की गई। ताज़ा खबर ह्रञ्ञ पर सबसे ज़्यादा देखे जाने वाले शो में से एक है। भुवन ने इस शो का सह-निर्माण भी किया।



### सोनाक्षी सिन्हा – दहाड़

ज़ोया अख्तर और रीमा कागती की दहाड़ में सोनाक्षी सिन्हा एक महिला पुलिसकर्मी की भूमिका निभा रही हैं जो एक साइको किलर का पीछा कर रही है। सोनाक्षी के सशक्त अभिनय को आलोचकों से सराहना मिली, और जातिवाद और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे संवेदनशील विषयों को चुनने के लिए उनकी सराहना की गई।




### आदित्य - द नाइट मैनेजर

दिलों की धड़कन आदित्य रॉय कपूर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी दिलों पर राज कर रहे हैं। अभिनेता ने द नाइट मैनेजर के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रवेश किया। सिरीज़ में पूर्व नौसेना अधिकारी के जासूस बने किरदार में आदित्य बिल्कुल आकर्षक लग रहे थे।



### विजय सेतुपति - फर्जी

भले ही उन्होंने राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई पुरस्कार जीते हों, विजय सेतुपति ने इस साल फ़र्ज़ी के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू किया। वह एक अथक पुलिसकर्मी की भूमिका निभा रहे हैं जो शाहिद के किरदार को नकली मुद्रा नोट बनाने से रोकने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से शो का स्तर ऊंचा उठा दिया।



### वेंकटेश - राणा नायडू

वेंकटेश को विक्ट्री वेंकटेश के नाम से भी जाना जाता है, जो मुख्य रूप से तेलुगु सिनेमा में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। लगभग तीन दशकों के करियर में, उन्होंने तेलुगु सिनेमा और कुछ हिंदी फिल्मों दोनों में काम किया है। उन्होंने अपने भतीजे राणा दग्गुबाती के साथ सिरीज़ राणा नायडू से प्रभावशाली शुरुआत की। यह शो राणा दग्गुबाती के किरदार के इर्द-गिर्द घूमता है जो अपने हाई-प्रोफाइल क्लाइंट्स की समस्याओं को ठीक करता है, जबकि वेंकटेश राणा, सुशांत सिंह और अभिषेक बनर्जी के पिता की भूमिका निभाते हैं और पहली बार स्क्रीन पर उनका एक बहुत अलग पक्ष सामने आता है।



### अनिल कपूर द नाइट मैनेजर


स्टाइलिश, अनुभवी और बहुमुखी एक अभिनेता के रूप में आप कई तरीकों से अनिल कपूर का वर्णन कर सकते हैं। करीब पांच दशक के करियर में इस साल अनिल कपूर ने ओटीटी पर डेब्यू किया। 66 वर्षीय इस अभिनेता ने सिरीज़ में एक बुरे आदमी की भूमिका निभाई, जिसे उनके प्रदर्शन के लिए पसंद किया गया जा रहा है।



# कुदुमुला की अगली फिल्म में श्रीलीला ने रशिमका को किया रिप्लेस

**साउथ सिनेमा में इस वक्त स्टारडम का पावर गेम देखना काफी दिलचस्प है। जहां इंडस्ट्री से अद्भुत फिल्में आ रही हैं, वहीं इंडस्ट्री में स्टार का स्तर अपने पीक पर है। और उस लीग में अभिनेत्री श्रीलीला भी शामिल होती दिख रही हैं, जो कई निर्देशकों की नई पसंदीदा बनकर उभर रही हैं।**

पूजा हेगड़े को टेकओवर करने के बाद, श्रीलीला अब सभी का दिल जीत रही हैं और रशिमका मंदाना की जगह लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलीला वेंकी कुदुमुला की अगली फिल्म में रशिमका मंदाना को रिप्लेस किया है। रशिमका को रिप्लेस करने से पहले, श्रीलीला ने गुंटूर करम में पूजा हेगड़े को भी रिप्लेस कर चुकी हैं। पूजा, जो त्रिविक्रम के साथ बहुत मजबूत बॉन्ड साझा करती थीं, उन्होंने प्रशंसकों को तब चौंका दिया जब उन्होंने उनकी फिल्म छोड़ दी। हालाँकि, पूजा की जगह लेने के लिए श्रीलीला सही विकल्प बन गईं। वेंकी और रशिमका के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। वेंकी जो रशिमका को अपना लकी चार्म मानते हैं, उनका ध्यान श्रीलीला की ओर जाता दिख रहा है। रिपोर्ट्स की माने तो ऐसा कहा जा रहा है कि श्रीलीला, रशिमका की जगह ले सकती हैं। खैर, कई शानदार प्रदर्शनों के बाद, वह वास्तव में स्टारडम के लिए अपना मार्ग प्रशस्त कर रही है। यह अभिनेत्री दक्षिण में एक सितारे की तरह उभर रही है। खैर, अगर वेंकी ने अपनी लकी चार्म रशिमका को उसके साथ बदलने का फैसला किया, तो हम केवल कल्पना कर सकते हैं कि वह श्रीलीला से कितना प्रभावित हुए होंगे। ऐसा कहने के बाद, श्री इंडस्ट्री की पसंदीदा बनती जा रही हैं क्योंकि इस समय उनकी झोली में सात फिल्में हैं। 2023-2024 के बीच, श्रीलीला आदिकेशव, स्कंद, भगवंत केसरी, नितिन 32, गुंटूर करम, वीडी12 और उस्ताद भगत सिंह में अभिनय करेंगी।



# जवान में शाहरुख और नयनतारा का होगा ये खास सीन!

**एक्ट्रेस के पति ने दिया बड़ा स्पॉइलर**


शाहरुख खान की फिल्म जवान का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का प्रीव्यू रिलीज हुआ है जिसे फैंस दिल खोलकर प्यार दे रहे हैं। इसमें दर्शकों को किंग खान का एकदम अलग अंदाज देखने को मिला। इस फिल्म में उनके साथ साउथ सुपरस्टार नयनतारा भी नजर आने वाले हैं। इस बीच नयनतारा के पति और डायरेक्टर विग्नेश शिवन ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा स्पॉइलर दे दिया है।

### विग्नेश ने किया शाहरुख खान का शुक्रिया

दरअसल, विग्नेश शिवन ने जवान के प्रीव्यू को देख कर फिल्म की टीम को बधाई दी थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा- आप एटली पर गर्व कैसे नहीं कर सकते, जब वो इतनी जबरदस्त फिल्म के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं। एकदम इंटरनेशनल लग रही है। बहुत एफर्ट, धैर्य और मेहनत लगी है। आपको मेरी तरफ से एक बड़ी हग। बधाई हो नयनतारा, तुम हॉट लग रही हो। ये तुम्हारा किंग खान के साथ ड्रीम डेब्यू है। विग्नेश का जवाब देते हुए शाहरुख ने लिखा- विग्नेश शिवन आपके प्यार के लिए शुक्रिया। नयनतारा कमाल हैं। लेकिन मैं भी किसे ही बता रहा हूं...आप तो पहले से ये बात जानते हैं। लेकिन पति, सावधान हो जाओ। उन्होंने अब कुछ मेजर किक और पंच लगाना सीख लिया है।

### विग्नेश ने ट्वीट में दिया जवान का स्पॉइलर

अब शाहरुख के इस ट्वीट का विग्नेश ने जवाब देते हुए फिल्म का एक स्पॉइलर दे दिया है जो वायरल हो गया है। विग्नेस ने ट्वीट कर लिखा- आप बहुत दयालु हैं सर...हां सर मैं बहुत ध्यान रख रहा हूं। लेकिन मैंने ये भी सुना है कि आप दोनों के बीच काफी अच्छा रोमांस भी देखने को मिलने वाला है। उन्होंने रोमांस के किंग से ये सब सीखा है। तो मैं आपके साथ उनके ड्रीम डेब्यू को अभी से सराह रहा हूं। जवाब बड़ी ग्लोबल ब्लॉकबस्टर होने वाली है।



# जेनेलिया पहली एक्ट्रेस हैं, जिनसे मैंने ट्रायल पीरियड के लिए संपर्क किया : अलेया सेन

ट्रायल पीरियड की निर्देशक अलेया सेन ने फिल्म के बारे में बात की है और बताया है कि उन्होंने प्रोजेक्ट के लिए एक्ट्रेस जेनेलिया देशमुख और अन्य कलाकारों को क्यों चुना। उन्होंने कहा, ट्रायल पीरियड के लिए मेरे दिल में एक खास जगह है। एक फिल्म निर्माता के रूप में मानवीय रिश्तों के बारे में विचार करना मुझे पसंद है। फादर ऑन रेंट का विचार एक बच्चे के पर्सपेक्टिव से उत्पन्न हुआ, जो अनएक्सपेक्टेड डिमांड करता है। यह फिल्म आज के समाज में परिवारों की जटिलताओं पर एक अजीब कहानी है। क्रोम पिक्चर्स अपनी अपकमिंग फिल्म ट्रायल पीरियड के साथ अपरंपरागत पारिवारिक बंधन की एक प्यारी कहानी दिखाती है, जिसका प्रीमियर 21 जुलाई को होगा। अलेया सेन द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म में मुख्य भूमिका में जेनेलिया देशमुख, मानव कौल और शक्ति कपूर, शीबा चड्ढा, गजराज राव और जिदान ब्रेज जैसे बेहतरीन कलाकार हैं। ट्रायल पीरियड एक इमोशनल रोलरकोस्टर को दर्शाता है, यह आधुनिक अधूरे परिवारों के प्यार और जटिलताओं को उजागर करता है। सेन ने कहा, जेनेलिया पहली एक्ट्रेस हैं, जिनसे मैंने संपर्क किया और जेनेलिया और मानव दोनों के मामले में मैं भाग्यशाली रही। मैं टैलेंटेड कलाकारों के साथ काम करने के लिए उत्साहित थी, जिसमें गजराज राव, शक्ति कपूर, शीबा चड्ढा और जिदान जैसे कलाकार शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं उम्मीद कर रही हूं कि यह फिल्म दर्शकों के बीच बहुत सारी भावनाएं पैदा करेगी और पारंपरिक भारतीय परिवार की कहानी को बदल देगी। हम क्रोम पिक्चर्स में दर्शकों का जियोसिनेमा पर अपने प्रियजनों के साथ इस पारिवारिक मनोरंजक फिल्म का आनंद लेने के लिए तहे दिल से स्वागत करते हैं।



# 'भाबीजी घर पर हैं' की गोरी मेम बनीं मां

'भाबीजी घर पर हैं' की 'अनीता भाभी' यानी गोरी मेम मां बन गई हैं। जी हां, टीवी एक्ट्रेस विदिशा श्रीवास्तव ने बेटी को जन्म दिया है। आइए बताते हैं एक्ट्रेस ने सावन में जन्मीं बेटी का नाम क्या रखा है। 'भाबीजी घर पर हैं' की 'अनीता भाभी' मां बन गई हैं। जी हां, टीवी एक्ट्रेस विदिशा श्रीवास्तव के घर किलकारियां गूंज उठी हैं। उन्होंने क्यूट सी गुड़िया को जन्म दिया है। 11 जुलाई 2023 को एक्ट्रेस की कोख से बेटी ने जन्म लिया। विदिशा श्रीवास्तव के घर नन्ही परी का जन्म हुआ है। इस मौके पर उन्होंने कहा, ' मुझे 18 घंटे का लेबर पेन हुआ। मैं दर्द से लगातार कहरा रही थी। मेरी नॉर्मल डिलीवरी हुई है। लेकिन जैसे ही मैंने अपनी बेटी को देखा मेरा सारा दर्द गायब हो गया। बेटी को अपनी नजरों के सामने देखना और महसूस करना किसी जादुई पल से कम नहीं था। आगे उन्होंने बताया, 'हमने बेटी के लिए नाम भी सोच लिया है। हम अपनी बेटी का नाम मां दुर्गा के नाम पर रख रहे हैं आदया। आदया का मतलब होता है, शक्ति और इसका दूसरा अर्थ भगवान शिव से भी जुड़ा हुआ है। विदिशा श्रीवास्तव का कहना है कि वह फिलहाल बेटी के साथ समय बिताना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि मैं अगले एक डेढ़ महीने घर पर ही बेटी के साथ हूं। फिर देखती हूं जैसा भी होगा मैं काम शुरू करूंगी। मुझे लगता है कि मैं काम रेगुलरी शुरू नहीं कर पाऊंगी। लेकिन जब भी जरूरत होगी मैं सेट पर पहुंच जाऊंगी।



# चंद्रयान 3 के लॉन्च पर राखी सावंत की मोदी जी से गुजारिश

राखी सावंत अपने अंदाज में जब भी बात करती हैं तो छा जाती हैं। देश में 14 जुलाई का दिन गौरव से भरा रहा क्योंकि इस दिन चंद्रयान 3 लॉन्च किया गया। इस मौके पर राखी सावंत ने देश और मोदीजी से कई सारी बातें कही हैं। आइए बताते हैं। कंट्रोवर्सी क्वीन ने चंद्रयान 3 पर अपनी खुशी जताई और यह भी शेयर किया कि वह रॉकेट के साथ खुद को भी लॉन्च करने की सोच रही थीं.राखी सावंत अपने चुलबुले अंदाज और मस्ती के कारण हमेशा ही सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनका ये अंदाज लोगों को पसंद भी आता है और वहीं कुछ को नाराज भी कर देता है। राखी लगभग हर मुद्दे पर अपनी राय रखती हैं और छा जाती हैं। 14 जुलाई को देश में चंद्रयान 3 लॉन्च किया गया और इस ऐतिहासिक पल का साक्षी पूरा देश बना। इस बारे में राखी सावंत ने भी अपने विचार रखे और कुछ ऐसा कह दिया जो सुनकर आप सिर पकड़ लेंगे। उन्होंने मोदीजी के लिए भी बहुत कुछ बोला। लोगों से बातचीत के दौरान चंद्रयान 3 के बारे में बात की। कंट्रोवर्सी क्वीन ने चंद्रयान 3 पर अपनी खुशी जताई और यह भी शेयर किया कि वह रॉकेट के साथ खुद को भी लॉन्च करने की सोच रही थीं।

### मोदीजी से राखी सावंत की गुजारिश

उन्होंने आगे कहा, मैं आज अपनी साड़ी में चांद की चांदनी बनी हूं, देखिए मैंने आज चंद्रयान के साथ खुद को कैसे लॉन्च किया। मैं आज वैज्ञानिकों को इस बड़ी सफलता के लिए बधाई देना चाहती हूं। मैं भी एक वैज्ञानिक हूं। क्या तुमने देखा कि मैंने खुद को कैसे लॉन्च किया? राखी यह जानकर हैरान रह गईं कि मोदीजी पेरिस में हैं और वो बोलीं, क्या, वह पेरिस में हैं? फिर वह रॉकेट कैसे देखेंगे? क्या उनके पास पेरिस से चंद्रयान 3 को देखने के लिए दूरबीन है? मैं उनसे बस इतना कहना चाहती हूं कि मुंबई में सड़कों की मरम्मत कराना बेहतर होगा।




# 1920 हॉरर्स ऑफ हार्ट ने कमा डाले इतने करोड़

1920 हॉरर्स ऑफ हार्ट 23 जून को सभी सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगू भाषा में भी रिलीज किया गया है। फिल्म को लेकर लोगों की तरफ से मिलेजुले रिस्पॉन्स आए हैं। तो चलिए देखते हैं कि फिल्म ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की है.....फिल्म ने हिंदी बेल्ट में पहले हफ्ते 8.73 करोड़ की कमाई की है, तो वहीं दूसरे हफ्ते में कलेक्शन में थोड़ा गिरावट आया और 2.91 करोड़ और तीसरे हफ्ते 1.38 करोड़ का बिजनेस किया है। वहीं तमिल भाषा में पहले वीक 3.82 करोड़ रुपये और दूसरे हफ्ते 59 लाख और तीसरे वीक 30 लाख रुपये की कमाई हुई। कुल मिलाकर फिल्म ने अब तक 17.73 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। बता दें कि फिल्म की कहानी महेश भट्ट ने लिखी है, जिसमें अविका गौर लीड रोल में नजर आई हैं। तो वहीं विक्रम भट्ट की बेटी कृष्णा भट्ट ने इसे डायरेक्ट किया है।